सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ


बुधवार, 29 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 115, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 417 अंकों की गिरावट

विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा, निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। } 10

## रक्षा मंत्री ने चीन व रूस के समकक्षों से की मुलाकात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिश्केक में अपने चीनी समकक्ष से मुलाकात की और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के संबंध में चर्चा की। } 12



### संक्षेप

### 9400 खातों पर व्हाट्स ऐप ने लगायी रोक

नयी दिल्ली। केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार नियामकों, सेवा प्रदाताओं, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों एवं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को शामिल करते हुए बहुस्तरीय कार्रवाई की गई है तथा व्हाट्सऐप ने ऐसे अपराधों में शामिल 9,400 खातों पर रोक लगाई है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने अपनी विस्तृत स्थिति रिपोर्ट में इस कार्रवाई का ब्योरा दिया है। यह रिपोर्ट देश में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय के नौ फरवरी के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई है।

### मदरसा गैरकानूनी घोषित

जम्मू। दारुल उलूम जामिया सिराजुल उलूम के 17 पूर्व छात्रों के आतंकवादी संगठनों में शामिल होने और बाद में अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे जाने के बाद अधिकारियों ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मदरसे को गैरकानूनी घोषित कर दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, संस्थान के 17 पूर्व छात्र आतंकवादी संगठनों में शामिल हो गए और बाद में अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए, जो कि विचारधारा थोपने और भर्ती करने के एक सुसंगत पैटर्न को दर्शाता है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त अंशुल गर्ग ने 24 अप्रैल को शोपियां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पेश एक दस्तावेज के आधार पर दो पृष्ठों का आदेश जारी किया, जिसमें शोपियां के इमाम साहिब स्थित दारुल उलूम जामिया सिराजुल उलूम में कथित अवैध गतिविधियों की ओर इशारा किया गया था। गर्ग के आदेश के अनुसार, संस्थान के जमात-ए-इस्लामी के साथ निरंतर और गुप्त संबंधों को इंगित करने वाले विश्वसनीय इनपुट और साक्ष्य रिकॉर्ड पर मौजूद हैं। जमात-ए-इस्लामी पर केंद्र ने 2019 में प्रतिबंध लगा दिया था।

### भाजपा प्रचंड जीत की ओर अग्रसर

अहमदाबाद। गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों की मंगलवार को जारी मतगणना के बीच सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने निर्णायक जीत की ओर अग्रसर होते हुए 9,900 से अधिक सीटों में से 6,472 सीटें जीत ली हैं। अब तक की मतगणना के अनुसार, भाजपा ने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस और अन्य पार्टियों पर काफी बढ़त बना ली है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कांग्रेस ने।,412 सीटें हासिल की हैं, जबकि निर्दलीय, आम आदमी पार्टी (आप), एआईएमआईएम सहित अन्य दलों ने 597 सीटें जीती हैं। अधिकारियों ने बताया कि भाजपा ने अब तक 15 में से नौ नगर निगमों में जीत हासिल की है।

## चुनाव के बाद नहीं बढ़ाये जायेंगे तेल के दाम: सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने साफ किया है कि विधानसभा चुनावों के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। महंगे कच्चे तेल और तेल कंपनियों के भारी घाटे के बावजूद पेट्रोलियम मंत्रालय ने मूल्य वृद्धि की अटकलों को खारिज किया।

केंद्र सरकार ने साफ किया है कि विधानसभा चुनावों के समापन के बाद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को उन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के तुरंत बाद ईंधन के दाम बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी। सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चे तेल की लागत 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है, जिससे सरकारी तेल कंपनियों पर भारी वित्तीय दबाव है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वह इस सवाल का जवाब दे रही थीं कि क्या बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदान संपन्न होने के बाद खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। यह बयान उन अटकलों को शांत करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिनके कारण आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के कुछ हिस्सों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी पुलिस में इस वर्ष होगी एक लाख नयी भर्ती: सीएम

### सीएम ने बांटे 10 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र, कहा- ईमानदारी से नियुक्ति हुई है तो साफ नीयत से काम कीजिये

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं को बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि योग्य, क्षमतावान, स्वतः स्फूर्त भाव के साथ नौजवान यूपी पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहता है और इसके लिए भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड युवाओं को अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगा।

उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष लगभग एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है। पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में पुलिस दूरसंचार विभाग पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि सभी चाहते थे कि ईमानदारी से भर्ती हो। डबल इंजन सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है कि भर्ती निष्पक्ष व ईमानदारी से हुई। अब आपका भी दायित्व है कि साफ नीयत, ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ यूपी पुलिस के माध्यम से सेवा देकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। हर भारतीय नागरिक जब अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, तब पीएम मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। किसी व्यक्ति, जाति, मत-मजहब का अहंकार या व्यक्तिगत इच्छा, राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। सीएम योगी ने कहा कि जिस निष्पक्षता से पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई, वह 9 वर्ष पहले संभव नहीं थी। पहले प्रक्रिया ही सकुशल संपन्न नहीं होती थी। लेनदेन, नियुक्ति में भेदभाव होता था, परंतु अब पूरी ...शेष पृष्ठ 10 पर




# पीएम ने वाराणसी को दी 6350 करोड़ की सौगात

## महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: मोदी

विशेष संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 6350 करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 163 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

उन्होंने 1050 करोड़ रुपये से अधिक की पूरी हो चुकी 48 परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और लगभग 5300 करोड़ रुपये की 112 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और द्रमुक समेत विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को रोकने के लिए हमला बोला। मोदी ने कहा कि वह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं मुख्य आधारभूत परियोजनाओं में वाराणसी-आजमगढ़ सड़क का चौड़ीकरण पूरा होना, कज्जाकपुरा और कादीपुर में महत्वपूर्ण रेल ओवर ब्रिज का खुलना, और भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाला जल शोधन संयंत्र शामिल हैं। जिन 112 परियोजनाओं की आधारशिला प्रधानमंत्री ने रखी, उनमें अमृत 2.0 के तहत 13 सीवरेज और जलपूर्ति योजनाएं, श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय जिला अस्पताल में 500 बिस्तरों वाला मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और भोजूबीर तथा सिगरा में मार्केट कॉम्प्लेक्स और ऑफिस स्पेस का निर्माण शामिल है। अन्य परियोजनाओं में तालाबों का नवीनीकरण और जीर्णोद्धार, 198 बिस्तरों वाले अस्पताल का पुनर्विकास, 100 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण, और अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट और नमो घाट सहित प्रमुख घाटों पर पर्यटन सुविधाओं का विकास शामिल है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी के रामनगर में एकीकृत मंडलीय कार्यालय, नगर निगम कार्यालय भवन, और एक सरकारी बाल आश्रय गृह तथा किशोर न्याय बोर्ड की आधारशिला रखी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उन्होंने बनास डेयरी से जुड़े उत्तर प्रदेश के दूध आपूर्तिकर्ताओं को बोनस के रूप में 105 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि भी हस्तांतरित की। मोदी ने वाराणसी जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तीसरी और चौथी रेलवे लाइन ...शेष पृष्ठ 10 पर



## पीएम मोदी नये भारत के निर्माता विकास को दी नयी रफ्तार: योगी



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निमार्ता हैं और उनके विजन से देश विरासत से विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है। मुख्यमंत्री मंगलवार को पीएम मोदी की उपस्थिति में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित नारी वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने सम्मेलन के दौरान प्रदेश की आधी आबादी और पूरे प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का ही परिणाम है कि आज हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। यह नया भारत न केवल भौतिक विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि समग्र विकास की अवधारणा को भी साकार कर रहा है। विरासत से विकास की इस नई यात्रा के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को पूरा कर रहा है। भारत को एक नई पहचान दिला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश में चार ही जातियां हैं- नारी, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम जल्द लागू किया जाये: धामी

### उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित: नारी सम्मान-लोकतंत्र में अधिकार संकल्प पारित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा के विशेष एक दिवसीय सत्र नारी सम्मान-लोकतंत्र में अधिकार में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संकल्प पारित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए तथा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम शीघ्र प्रभावी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सदैव मातृशक्ति के साहस, संघर्ष और नेतृत्व की प्रेरणाभूमि रहा है। उन्होंने राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश की अनेक प्रेरक महिलाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गौरा देवी, टिंचरी माई, बिशनी देवी शाह, जशूली शौक्याण, कुंती वर्मा, भागीरथी देवी, मंगला देवी, हंसा धनाई, सरला बहन, बेलमती चौहान, सुशीला बहन और कमला पंत जैसी महिलाओं ने समाज सुधार और जनजागरण में अहम योगदान दिया। धामी ने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, समृद्धि और विद्या का स्वरूप माना गया है। मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती के रूप में महिलाओं ...शेष पृष्ठ 10 पर



## महाराष्ट्र में पहलगाम दोहराने की कोशिश

### कलमा नहीं पढ़ा तो सुरक्षाकर्मी पर जानलेवा हमला, एक गार्ड लहूलुहान, दूसरे ने भागकर बचायी अपनी जान

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर क्षेत्र में कश्मीर के पहलगाम जैसी घटना सामने आई है। सोमवार तड़के एक मुस्लिम युवक ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गाड्‌र्स को जबरन कलमा पढ़ने के लिए मजबूर किया और कलमा पढ़ने से इनकार करने पर चाकू से हमला बोल दिया। इस हमले में एक गार्ड लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि दूसरे ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार तड़के की है, जब नया नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक निमार्णाधीन इमारत के बाहर दो सुरक्षाकर्मी तैनात थे। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया है कि आरोपित युवक सोमवार सुबह करीब चार बजे अचानक उनके पास आया और बिना किसी उकसावे के उनसे मजहबी बातें करने लगा। युवक ने गार्ड राजकुमार मिश्र पर दबाव बनाया कि वे 'कलमा' पढ़ें। जब सुरक्षाकर्मी ने इससे इनकार किया और उसे वहां से जाने को कहा, तो आरोपी तैश में आ गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने अपने पास छिपाकर रखा चाकू निकाल लिया और राजकुमार पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से राजकुमार संभल नहीं पाए। आरोपित ने उनपर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। दूसरे गार्ड सुब्रतो सेन ने बीचबचाव करने की कोशिश की, तो हमलावर ने उनपर चाकू से हमला बोल दिया। सेन ने सूझबूझ दिखाते हुए वहां से भागकर अपनी जान बचाई और तुरंत शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपित मौके से फरार हो गया। दोनों घायल गार्डों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां राजकुमार मिश्रा की हालत गंभीर बनी हुई है और सुब्रतो सेन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही नया नगर पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 46.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.00 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- स्कूलों में कमियों को चिन्हित कर दूर करायें सभी डीएम (पृष्ठ-02)
- प्रदेश में घुमन्तू विकास बोर्ड गठन की सिफारिश (पृष्ठ-02)
- औद्योगिक उत्पादन मार्च में 4.1 प्रतिशत पर (पृष्ठ-14)
- देश में बिजली मांग 256 गीगावाट के करीब पहुंची (पृष्ठ-14)


विशेष खबर


### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरदोई से कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

## देश के सबसे बड़े डिजिटल हाईवे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण आज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गंगा एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में न केवल आर्थिक तरक्की का नया रास्ता बनेगा, बल्कि ये टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी नायाब नजीर बन रहा है। मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी के इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में लाखों टन कचरे का इस्तेमाल हुआ है।

साथ ही 18 लाख पेड़ लगाए गए हैं एक्सप्रेसवे के साथ ही ऑप्टिकल फाइबर, बिजली और गैस पाइपलाइन भी गुजरेंगी, जिससे यूपी सरकार को हर साल अरबों रुपये का फायदा होने वाला है. एक्सप्रेसवे के मेंटेनेंस का खर्च खुद डिजिटल नेटवर्क ही निकल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री हरदोई से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बदायूं के घटपुरी इंटरचेंज पर इस संबोधन का सजीव प्रसारण किया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे के साथ 2 मीटर चौड़ा यूटिलिटी कॉरिडोर बनाया गया है। इंटरनेट केबल बिछाने या मरम्मत के लिए एक्सप्रेसवे की सड़क को कभी खोदना नहीं पड़ेगा। इस प्री-बिल्ट कॉरिडोर के भीतर ऑप्टिकल फाइबर, गैस पाइपलाइन, बिजली के तार या कोई और वायर बिछाई जा सकती है। एक्सप्रेसवे के नीचे ये डार्क फाइबर उत्तर प्रदेश के उन 519 गांवों और पिछड़े जिलों के लिए ब्रॉडबैंड हाईवे का काम करेगा, हर गांव को हाईस्पीड 5जी कनेक्टिविटी मिलेगी। इस फाइबर नेटवर्क से एक्सप्रेसवे के किनारे एज डेटा सेंटर बनाए जा सकते हैं, जो यूपी को बेंगलुरु या हैदराबाद जैसा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर देंगे। एक्सप्रेसवे के यूटिलिटी कॉरिडोर में केबल के साथ नेचुरल गैस पाइपलाइन का भी विकल्प है। प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना के तहत एक्सप्रेसवे के किनारे बसे गांवों और उद्योगों को सस्ती पीएनजी मिल सकेगी। स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग के तहत गंगा एक्सप्रेसवे सेंसर वाली एलईडी लाइटों से लैस है। इसके लिए बिजली और डेटा लाइनें इसी कॉरिडोर में बिछाई गई हैं। हर 2-3 किलोमीटर पर लगे हाई-रेजोल्यूशन कैमरे और सेंसर इसी फाइबर से जुड़े हैं। जमीन के नीचे छिपे डिजिटल फाइबर नेटवर्क से एक्सप्रेसवे का स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम काम करेगा। जैसे ही कोई गाड़ी रुकती है या कोई हादसा होता है तो स्मार्ट अलर्ट सिस्टम से पलक झपकते ही कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजा ...शेष पृष्ठ 10 पर



## पटियाला रेल पटरी पर विस्फोट एनआईए कर सकती है जांच

एजेंसी

चंडीगढ़। खालिस्तान समर्थक आतंकी मॉड्यूल ने पटियाला के शंभू इलाके के पास एक मालगाड़ी कॉरिडोर की पटरी पर देर रात विस्फोट किया और इस दौरान मॉड्यूल का एक सदस्य भी मारा गया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मॉड्यूल के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट सोमवार रात शंभू-अंबाला रेलवे पटरी के पास हुआ। उन्होंने बताया कि शुरू में इसे कम तीव्रता का विस्फोट माना गया था लेकिन बाद में जांच से पता चला कि यह पटरी को विस्फोट से उड़ाने की साजिश थी। पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट बोथोनिया गांव के पास सोमवार रात मालगाड़ियों के लिए निर्धारित पटरी पर हुआ। विस्फोट के कारण पटरी को भी कुछ नुकसान पहुंचा और रेल लाइन के नीचे एक छोटा सा गड्ढा बन गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि तीन महीने में यह इस तरह की दूसरी घटना है। उन्होंने संकेत दिया कि इस मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जाने की संभावना है। पुलिस को घटनास्थल पर एक अज्ञात शव मिला, जो विस्फोट के कारण क्षत-विक्षत हो गया था। शव के कुछ हिस्से रेलवे पटरी पर बिखरे हुए थे। पटियाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# सरकार ने युवाओं को दिया पारदर्शी अवसर

## चयनित महिला अभ्यर्थियों ने कहा, यूपी में बेटियों की सुरक्षा चाक-चौबंद

विशेष संवाददाता (vol)



भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने का काम किया योगी सरकार ने

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मंगलवार को उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक एवं प्रधान परिचालक (यांत्रिक) अभ्यर्थियों चेहरे नियुक्ति पत्र पाकर खुशी से खिल उठे। अधिसंख्य अभ्यर्थियों ने इसे अपने परिवार में पहली सरकारी नौकरी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूरसंचार पुलिस बल में नवचयनित 936 अभ्यर्थियों से कहा कि अब संचार यूनिट को और सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। अगले 8 महीने की आपकी ट्रेनिंग महत्वपूर्ण होगी। सीएम ने युवाओं व पुलिस कार्मिकों को फिट रहने का मंत्र दिया। कहा कि फिजिकली फिट रहेंगे तो मेंटली भी फिट होंगे और तभी ईमानदारी से देश व समाज को सेवा दे पाएंगे।

चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है, जिससे मेहनत करने वाले युवाओं को अवसर मिल रहा है। प्रयागराज की महिमा यादव ने कहा कि वर्ष 2006 के बाद इतने बड़े स्तर पर सीधी भर्ती होना युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है। पूरी प्रक्रिया बेहद सुचिता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश लगातार नई ऊंचाइयों को छूरहा है। एटा के कुशाल चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए गर्व का क्षण है। योगी आदित्यनाथ ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए गुंडों और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिससे प्रदेश भयमुक्त बना है। उन्होंने मुख्यमंत्री को तेजतर्रार, तुरंत निर्णय लेने वाला और भ्रष्टाचार की कमर तोड़ने वाला नेता बताया। प्रयागराज के सौरभ मिश्रा ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में योगी सरकार ने माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया है।

पुलिस बल की संख्या और संसाधनों में वृद्धि कर अपराधियों पर अंकुश लगाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री की निर्भीक कार्यशैली युवाओं को प्रेरित करती है। प्रयागराज की अदिति राठौर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रदेश में बड़ा बदलाव आया है। आज महिलाएं खुद को पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। मुख्यमंत्री के फास्ट रिएक्शन और तत्काल कार्रवाई की नीति से कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। गोरखपुर की शालू गुप्ता और अयोध्या की सपना पांडेय ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

वहीं अभिषेक कुमार ने कहा कि योगी सरकार में पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां हो रही हैं, इसी वजह से उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में सेवा का अवसर मिला है। अलीगढ़ के अरविंद ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि मेहनत करते रहें, सरकार लगातार रोजगार के अवसर दे रही है। झांसी के विशाल कुमार शर्मा ने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलना जीवन का यादगार दिन है और अब सभी प्रशिक्षण लेकर सेवा के लिए तैयार होंगे। वहीं हेवल कुमार रत्नागर ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही। एटा के रामहरि ने कहा कि रेडियो एवं दूरसंचार विभाग में चयन उनके परिवार के लिए खुशी का बड़ा अवसर है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि योगी सरकार में प्रतिभा और मेहनत को सम्मान मिल रहा है।

**मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर हुए गौरवान्वित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनित युवा गौरवान्वित हुए। सीएम योगी ने मंच पर पूजा गुप्ता (मऊ), वैशाली (लखनऊ), शालिनी आनंद (झांसी), अमन त्यागी (मेरठ), भूपेंद्र सिंह वर्मा (बाराबंकी), अंकित कुशवाहा (बांदा), शुभम चौरसिया (प्रतापगढ़), श्याम सुंदर (सोनभद्र), मोनू पासवान (गोरखपुर), मनीष गौड़ (महराजगंज) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

# प्रदेश के 39 ऐतिहासिक स्थल संरक्षण सूची में शामिल

## सरकार का बड़ा कदम, विरासत संरक्षण के साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए 41 चिन्हित स्थलों में से 39 को संरक्षण की मंजूरी दे दी है। यह फैसला राज्य पुरातत्व सलाहकार समिति की उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने की। मंत्री ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 278 स्मारक संरक्षित हैं और वर्ष 2027 तक इनकी संख्या बढ़ाकर 300 करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वीकृत 39 स्थलों के संरक्षण से इस लक्ष्य को हासिल करने में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना ही नहीं, बल्कि उन्हें पर्यटन के दृष्टिकोण से भी विकसित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास से जुड़ सकें।

चिन्हित स्थलों में प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक इमारतें और पुरातात्विक टीले शामिल हैं, जिनमें कुछ स्थल लगभग 2500 वर्ष पुराने माने जा रहे हैं। इसके अलावा कई स्थल 3000 वर्ष पुराने भी हैं, जिन्हें संरक्षित करने की योजना है। सरकार कुषाण काल से जुड़े स्थलों को जोड़कर कुषाण ट्रेल विकसित करने की योजना पर भी काम कर रही है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। साथ ही चयनित स्थलों पर पुस्तकालय और बुनियादी सुविधाएं विकसित कर पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने की रणनीति भी तैयार की जा रही है। पर्यटन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समन्वय के साथ कार्य करें ताकि हमारी सभ्यता की अनमोल धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सके। जयवीर सिंह ने कहा कि 3000 वर्ष पुराने टीले और प्राचीन मंदिर संरक्षित किये जायेंगे। चिन्हित किये गये 41 स्थलों में प्राचीन मंदिर, टीले, ऐतिहासिक इमारतें और पुरातात्विक टीले शामिल हैं। इनमें से कुछ स्थल उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभांड काल के हैं। जो लगभग 2500 वर्ष पुराने हैं। संरक्षित स्थलों में राजधानी के प्राचीन भवन, मूसा बाग, कानपुर नगर के पंचमुखी मंदिर, हरदोई का नागेश्वर मंदिर, उन्नाव का महेपासी टीला, झांसी का गोंडवानी मंदिर, रामपुर का तूती का मकबरा, वाराणसी का शिव मंदिर, महोबा का बासुदेव मंदिर आदि शामिल हैं। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य ने कहा कि विरासत स्थलों का संरक्षण करके इसे भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखना जरूरी है। ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली इतिहास तथा सांस्कृतिक धरोहरों को देख सके। उन्होंने सुझाव दिये कि चिन्हित स्थलों में से कई कुषाण काल से संबंधित हैं। जिन्हें जोड़कर एक कुषाण काल टेम्पल विकसित की जा सकती है। इसके अतिरिक्त पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए चयनित स्थलों में पुस्तकालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं सृजित करने पर रणनीति बनाई जा सकती है।

# प्रदेश में घुमन्तू विकास बोर्ड गठन की सिफारिश

## हर पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

- शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक मंगलवार को इंदिरा भवन में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की।

बैठक में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदायों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश घुमन्तू विकास बोर्ड के गठन की सिफारिश को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। यह पहल राज्य सरकार की समावेशी विकास नीति को मजबूती देने वाली मानी जा रही है।

आयोग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समुदायों से जुड़ी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विशेष अभियान चलाए जाएं।

बैठक में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया गया, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। आयोग ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे समाज के वंचित तबकों को वास्तविक लाभ मिल सके।

आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, सोहन लाल श्रीमाली समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। इसके लिए योजनाओं के क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता के साथ हर जरूरतमंद तक लाभ पहुंच सके।

# स्कूलों में कमियों को पहचान कर दूर करायें सभी डीएम : पार्थ सारथी

विशेष संवाददाता (vol)

- अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दिया निर्देश
- बच्चों को स्कूल में अच्छा और सुविधायुक्त माहौल देने के लिए उठाया कदम

लखनऊ। विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों को बेहतर और सुविधायुक्त शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने प्रदेश भर में स्कूलों के कायाकल्प को गति देते हुए बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विद्यालयों में मौजूद अवसंरचनात्मक कमियों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं का अभाव अब स्वीकार्य नहीं होगा और सभी संस्थानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है, जिससे प्रदेश के हर बच्चे को बेहतर और सुसज्जित विद्यालयी वातावरण मिल सके। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष कमियों को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत गैप एनालिसिस के माध्यम से हर विद्यालय की जरूरतों का आकलन कर उन्हें पूरा किया जाएगा। जहां संसाधनों की कमी होगी, वहां कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि कोई भी स्कूल बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे।

माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत अधोसंरचना को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जिन स्कूलों में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। यदि अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता हो, तो समेकित प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जाए, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही सभी विद्यालयों को विद्यांजलि पोर्टल से जोड़ने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस पोर्टल के माध्यम से स्कूल अपनी आवश्यकताओं को दर्ज करेंगे और एनजीओ, सीएसआर व अन्य सहयोगियों के माध्यम से उन जरूरतों को पूरा किया जाएगा। जिला स्तर पर इसकी सतत निगरानी की जाएगी।

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने की पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गाजीपुर के पीड़ित परिवार को हमारे पूरे पीडीए समाज ने मिलकर, एक समुदाय के रूप में 5 लाख रुपये एकत्र कर, इस कठिन घड़ी में अपने प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से जो मदद की है, वो दरअसल पीडीए की एकता का प्रतीक है। इससे पीड़ित पीडीए परिवार के रूप में इनका मनोबल बढ़ेगा और ये विश्वास भी कि वर्चस्ववादियों के अत्याचार के खिलाफ समस्त पीडीए समाज एक साथ संघर्ष कर रहा है और करता रहेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पीडीए के मान-सम्मान, समान अवसर -स्थान और चतुर्दिक उत्थान के लिए संघर्ष करते रहेंगे, इसमें साल लगे या सदी ! पीड़ा ही वो धागा है, जिससे पूरा पीडीए समाज जुड़ा है। बता दें कि अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा प्रतिनिधिमण्डल में शामिल पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर, विधायक जयकिशन साहू और रीता विश्वकर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर सपा की ओर से 2 लाख रुपये और विश्वकर्मा समाज की ओर से 3 लाख रूपये कुल पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद की और न्याय की लड़ाई में परिवार का साथ देने का भरोसा दिया।

# अखिलेश ने पुलिस अधिकारी को लेकर उठाये सवाल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बंगाल चुनाव के दौरान ऑब्जर्वर बने, उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का जो अभद्र वीडियो सरेआम चल रहा है, उससे उत्तर प्रदेश सरकार के शासन-प्रशासन की छवि बेहद क्षतिग्रस्त हुई है साथ ही भाजपा सरकार के तथाकथित महिला सम्मान व नारी वंदन के दावों की पोल भी महिलाओं के सामने पूरी तरह खुल गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शासन-प्रशासन में ऐसे व्यक्ति व अधिकारी अपवाद नहीं है। नारी को लगता है कि जिनके हाथ में महिला सुरक्षा की बागडोर है अगर वो ऐसे हैं, तो हमारी सुरक्षा कैसे होगी।

# किसानों को 04 मई को मिलेगी 122.28 करोड़ रुपये की फसल क्षतिपूर्ति

लखनऊ। प्रदेश सरकार की ओर से प्रतिकूल मौसम के कारण प्रभावित होने वाली फसलों से किसानों को सुरक्षा प्रदान करने और उनकी आय स्थिर बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। निदेशक कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा, सुमिता सिंह ने इस संबंध बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और चयनित 60 जनपदों में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का सफल क्रियान्वयन खरीफ 2016 से बीमा कंपनियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 04 मई, 2026 को अपराह्न 04 बजे प्रदेश के समस्त जनपदों में माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से खरीफ 2025 एवं रबी 2025-26 की फसल क्षतिपूर्ति धनराशि का वितरण किया जाएगा। आगामी 04 मई को होने वाले वितरण कार्यक्रम के विवरण के अनुसार, खरीफ 2025 मौसम की कुल देय क्षतिपूर्ति 730.04 करोड़ रुपये में से 624.88 करोड़ रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और शेष 105.16 करोड़ रुपये का भुगतान इस दिन किया जाएगा। इसी प्रकार रबी 2025-26 मौसम की शेष 17.11 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का भी भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार 04 मई को कुल 122.28 करोड़ रुपये की राशि लाभान्वित किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। 21 फरवरी, 2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 'वन-क्लिक' के माध्यम से खरीफ 2025 की 285.00 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति 2.51 लाख किसानों को वितरित की गई थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक कुल 67.86 लाख किसानों को 5755.68 करोड़ रुपये की राशि क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जा चुकी है।

# बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत लखनऊ व फरुखाबाद में आलू की खरीद शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- 10 जिलों में क्रय केन्द्र खोलने की प्रक्रिया तेज

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए विभिन्न जिलों में आलू क्रय केन्द्र तत्काल स्थापित कर खरीद प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा। मंत्री के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) को 10 जनपदों में क्रय केन्द्र स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें लखनऊ एवं फरुखाबाद को प्राथमिकता देते हुए दोनों जनपदों में आज से ही खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

मंत्री के निर्देशानुसार जनपद लखनऊ के बक्शी का तालाब स्थित इंदौरा बाग में स्थापित क्रय केन्द्र का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा द्वारा किया गया, जबकि जनपद फरुखाबाद के मंडी समिति सातनपुर में स्थापित क्रय केन्द्र का शुभारंभ उद्यान निदेशक बीपी राम ने किया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे। यह पूरी प्रक्रिया भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुमोदित बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसके तहत किसानों से सीधे आलू की खरीद सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में बाजार में आलू का मूल्य कम है, वहां प्राथमिकता के आधार पर क्रय केन्द्र खोले जाएं और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाया जाए। योजना के अंतर्गत बाजार हस्तक्षेप मूल्य 650.09 रुपये प्रति कुन्तल तथा ओवरहेड व्यय 162.52 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जबकि क्षतिपूर्ति की अधिकतम सीमा कुल खरीद लागत का 25 प्रतिशत तय की गई है, जिसका वहन केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समान रूप से किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अन्य जनपदों में भी चरणबद्ध तरीके से क्रय केन्द्र स्थापित कर अधिकतम किसानों को लाभान्वित किया जाए।

समीक्षा के दौरान मंत्री ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही रूफ टॉप गार्डेनिंग योजना के भव्य शुभारंभ की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा, जिससे शहरी नागरिकों में बागवानी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अधिशेष औद्यानिक फसलों की पहचान कर उनके निर्यात को बढ़ाने हेतु ठोस रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने औद्यानिक उन्नयन गोष्ठियों के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर प्रदेशभर में इनके आयोजन के निर्देश दिए तथा विभागीय परियोजनाओं के शीघ्र लोकार्पण पर भी जोर दिया, ताकि आमजन को समयबद्ध रूप से लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने तथा सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। उद्यान मंत्री ने अपील की है कि किसान निर्धारित क्रय केन्द्रों पर अपनी आलू उपज लाकर योजना का अधिकतम लाभ उठाएं तथा उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करें।

# महिला आरक्षण पर विशेष सत्र का स्वागत, कांग्रेस का विरोध मात्र ढोंग

प्रमुख संवाददाता (vol)

देहरादून। भाजपा शिवालिक ग्रामीण मंडल की मंडल उपाध्यक्ष सुमन बासकण्डी ने महिला आरक्षण को लेकर विधानसभा के विशेष सत्र का स्वागत करते हुए कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को राजनीतिक ढोंग करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नारी शक्ति का अपमान किया है और महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।



मंडल उपाध्यक्ष सुमन बासकण्डी ने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। एक ओर दिल्ली में महिला आरक्षण का विरोध किया जाता है, वहीं दूसरी ओर राज्य में समर्थन के नाम पर प्रस्ताव की मांग की जाती है। यह दोहरी राजनीति जनता भली-भांति समझ चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस और विपक्ष ने महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे मातृशक्ति और आमजन में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के सम्मान तथा महिलाओं का अपमान करने वालों का वास्तविक चेहरा जनता के सामने लाने के उद्देश्य से 28 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इस सत्र के माध्यम से उत्तराखंड की जनता की भावना देश के सामने एकमत होकर रखी जाएगी। सुमन बासकण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है, जिसका लाभ प्रदेश की मातृशक्ति को मिल रहा है।

# उप्र को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा ने हासिल की ऐतिहासिक विजय

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महामंत्री संगठन ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई
- धर्मपाल सिंह ने कहा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, अनुशासन और संगठन की मजबूती का परिणाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक विजय हासिल की है। संघ के सभापति, उपसभापति सहित सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने निर्विरोध विजय प्राप्त की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह एवं उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने निर्विरोध निर्वाचित संचालकों रामनिवास यादव, बालेन्द्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह, शिवदत्त नारायण सिंह, अभय सिंह, हरिओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, जयवीर सिंह सिरोही, दिवाकर मिश्रा, शारदा चौधरी, आकांक्षा सोनकर एवं ऊर्षा मौर्या को भी विजय की बधाई दी है।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा समर्थित सभी उम्मीदवारों का निर्विरोध चयन यह दर्शाता है कि प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था में भाजपा के प्रति व्यापक विश्वास और समर्थन है। यह विजय केवल एक संगठनात्मक सफलता नहीं, बल्कि प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से समावेशी विकास के प्रति जनता की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र किसानों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। उत्तर प्रदेश में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहकारिता संस्थाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नव-निर्वाचित सभापति एवं उनकी टीम प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा किसानों और आम जनमानस के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, और यह जीत उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे सहकारिता की भावना को मजबूत करते हुए प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देंगे तथा आमजन के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने इस जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, अनुशासन और संगठन की मजबूती का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा सहकारिता को जनसेवा का सशक्त माध्यम माना है और इसी भावना के साथ संगठन ने कार्य किया है। उन्होंने कहा कि निर्विरोध चुनाव यह दर्शाता है कि भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर सभी वर्गों का विश्वास बढ़ा है। नव-निर्वाचित पदाधिकारी निश्चित रूप से संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता, दक्षता एवं जनकल्याण के नए मानक स्थापित करेंगे।

# एकेटीयू में समर्थ पोर्टल के माध्यम से होगी प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में मंगलवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में केंद्रीय प्रवेश समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के यूपीटीएसी की ओर से हर वर्ष इंजीनियरिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया इस बार समर्थ पोर्टल के जरिये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। शैक्षिक सत्र 2026-27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समस्त प्रवेश प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से करायी जाएगी। बीटेक में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने पर भी बैठक में चर्चा की गयी। इसके जल्द ही कार्यक्रम जारी किया जाएगा। बैठक में प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, प्राचार्या एफओएपी प्रो. वंदना सहगल सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# एक साल में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का यूपी आगमन

## पर्यटन का बजट 22 गुना, संस्कृति के लिए बजट 20 गुना बढ़ा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने पर्यटन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक वर्ष में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों के आगमन का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की पर्यटन-हितैषी नीतियों और बुनियादी ढांचे में किए गए व्यापक सुधारों का परिणाम मानी जा रही है।

पर्यटन विभाग की स्थायी समिति की बैठक में सामने आए आंकड़ों ने इस सफलता पर मुहर लगा दी, जहां बताया गया कि पर्यटन बजट में 22 गुना और संस्कृति के लिए बजट में 20 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन प्रदेश की लोकप्रियता का प्रमाण है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज समेत धार्मिक स्थलों का भव्य विकास योगी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जहां पर्यटन विकास सीमित दायरे में था, वहीं आज उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख पर्यटन राज्यों में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता, सुशासन और योजनाबद्ध विकास के माध्यम से पर्यटन को रोजगार और अर्थव्यवस्था से जोड़ रही है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन विभाग के बजट में लगभग 22 गुना और संस्कृति विभाग के बजट में करीब 20 गुना वृद्धि की गई है। यह बढ़ोतरी मुख्यमंत्री योगी की दूरदर्शी सोच और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी बनाने में पर्यटन की अहम भूमिका होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2025 में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का उत्तर प्रदेश आगमन हुआ, जो अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन ने दुनिया भर का ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित किया। प्रयागराज, अयोध्या और काशी को जोड़ने वाला स्पिरिचुअल ट्रायंगल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अनूठा आध्यात्मिक अनुभव दे रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार अब एक्सपीरियंशल टूरिज्म पर फोकस कर रही है, ताकि पर्यटक सिर्फ भ्रमण न करें बल्कि प्रदेश में अधिक समय रुकें और स्थानीय संस्कृति, खानपान तथा परंपराओं को करीब से जान सकें। इससे स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने झांसी में हेली सेवा, प्रयागराज में वाटर स्पोर्ट्स, सहारनपुर में जंगल सफारी, कानपुर में औद्योगिक पर्यटन और गाजीपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पर्यटन विस्तार से जुड़े सुझाव भी दिए हैं।

# मानचित्र प्रक्रिया और सरल करेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में भवन मानचित्र बनवाने के लिए अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए एलडीए योग्य आर्किटेक्ट्स का पैनल तैयार करेगा, जो अधिक सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मानचित्र पास कराने में अहम भूमिका निभाएंगे। एलडीए विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर आर्किटेक्ट्स के इम्पैनलमेंट के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शहर में आवासीय एवं व्यावसायिक भवन बनाने के लिए नागरिकों को प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना होता है। इसके लिए लोगों को निजी स्तर पर आर्किटेक्ट ढूंढने पड़ते थे, जिसमें कई बार बिचौलिये सामने आ जाते थे। इससे लोगों को अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती थी और धोखाधड़ी की आशंका भी बनी रहती थी। इसके अलावा कई मामलों में आर्किटेक्ट के अधीनस्थों द्वारा मानचित्र सबमिट किए जाते थे, जिनमें तकनीकी खामियों के कारण आवेदन निरस्त हो जाते थे। इससे मानचित्र स्वीकृति में अनावश्यक विलंब होता था और लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

उपाध्यक्ष ने बताया कि नयी व्यवस्था के तहत लोगों को भवन मानचित्र बनवाने के लिए आर्किटेक्ट की तलाश में भटकना नहीं पड़ेगा। एलडीए की ओर से पैनल में शामिल किए गए योग्य आर्किटेक्ट्स की सूची उपलब्ध करायी जाएगी, जिससे लोगों को सीधे प्रमाणित और विश्वसनीय सेवाएं मिल सकेंगी। इससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और मानचित्र के लिए अतिरिक्त भुगतान तथा धोखाधड़ी की संभावनाओं पर भी रोक लगेगी। मुख्य नगर नियोजक के के गौतम ने बताया कि काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर में पंजीकृत आर्किटेक्ट ही पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकेंगे। चयनित आर्किटेक्ट्स को उपलब्धता के आधार पर प्राधिकरण कार्यालय में वर्क स्पेस भी उपलब्ध कराया जाएगा। आर्किटेक्ट्स के लिए 75 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से फीस निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त बेहतर प्रदर्शन करने वाले आर्किटेक्ट्स को प्राधिकरण के स्तर से 50,000 रुपये तक का तिमाही इंसेंटिव भी दिया जाएगा। नयी व्यवस्था के तहत केवल अधिकृत एवं जिम्मेदार आर्किटेक्ट्स ही प्रक्रिया में शामिल होंगे। इससे आवेदन की गुणवत्ता बेहतर होगी और मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया तेज, सुगम और पारदर्शी बनेगी।

## जर्जर इमारतों पर चलेगा बुलडोजर नई बिल्डिंग्स बनायेगा एलडीए

**लखनऊ।** वजीर हसन रोड पर जर्जर हो चुके मल्टीस्टोरी को री डेवलप करेगा। इसी तर्ज पर और कई स्थानों पर एलडीए के पुराने व बदहाल कॉम्प्लेक्स और बिल्डिंगों को भी री डेवलप किया जाएगा। प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति 2026 के तहत इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। इससे पहले ऐसी योजनाओं का सर्वे कराया जाएगा। यह देखा जाएगा कि किस तरह नई बिल्डिंगें बनाई जा सकती है। इस सम्बंध में एलडीए वीसी ने आर्किटेक्टों के साथ बैठक कर चुके हैं। नीति के तहत किसी बिल्डिंग को तोड़कर नया बनाने के पहले 60 प्रतिशत आवंटियों की सहमति आवश्यक है। इसके चलते पहले सर्वे काम किया जाएगा। उसके बाद डिजाइन और ड्राइंग तय की जाएगी। जिन बिल्डिंगों को तोड़कर नया बनाया जाएगा उनमें ज्यादातर बिल्डिंगें अवैध कब्जों और बदहाली का शिकार हैं। जिनको खाली कराने और तोड़ने को लेकर एलडीए कई साल से मंथन कर रहा है। उस समय ऐसी बिल्डिंगों को लेकर कोई अधिकृत नीति नहीं थी। इससे प्रस्तावों को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका।

अब उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति 2026 आ जाने से एलडीए की ओर से इस दिशा में कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया है। इस मसले पर एलडीए सात मई को फिर बैठक करेगा कार्यवाही को आगे बढ़ाएगा। अलीगंज सेक्टर जी कॉम्प्लेक्स, कैलाश कुंज कॉम्प्लेक्स अयोध्या रोड, ईडब्ल्यूएस भवन सेक्टर जी कानपुर रोड, कामर्शियल कॉम्प्लेक्स अवध चौराहा, उजाला मार्केट विवेक खंड गोमती नगर, विकास दीप कमर्शियल कॉम्प्लेक्स हुसैनगंज, नंदखेड़ा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स तालकटोरा रोड जर्जर की स्थिति में हैं। री डेवलप से पहले इनर सभी योजनाओं में आवंटियों से सहमति पत्र लिए जाएंगे। सभी बिल्डिंग का मौके पर जाकर सर्वे किया जाएगा। नंदा खेड़ा कॉम्प्लेक्स के आवंटियों को पैसा वापस किया जाएगा क्योंकि यह एकल भूखंड के रूप में विकसित किया जाएगा। गोमती नगर की उजाला मार्केट का सर्वे किया जाएगा और एकल व्यावसायिक भूखंड विकसित किया जाएगा। कैलाश कुंज में कैंप लगाकर आवंटियों को जागरूक किया जाएगा।

## वृंदावन योजना में एआई सिटी सिटी विकसित करेगा आवास विकास

**लखनऊ।** यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के साथ मिलकर आवास विकास परिषद शहर में पहली एआई सिटी विकसित करेगा। इसको लेकर दोनों विभागों के बीच एमओयू होगा। एआई सिटी वृंदावन योजना के सेक्टर 15 में 20 एकड़ से अधिक जमीन पर विकसित की जाएगी। इससे शहर में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसकी मंजूरी के लिए बुधवार को बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। एआई सिटी बनाए जाने को लेकर प्रदेश सरकार भी गंभीर है और इसको लेकर सरकार की ओर से प्रस्ताव को मंजूरी भी दी जा चुकी है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने इसकी घोषणा भी की थी। आवास विकास परिषद की बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में जो प्रस्ताव लाया जा रहा है उसमें एआई सिटी के साथ ही बिजनेस पार्क भी बनाया जाएगा। यह भी सूचना प्रौद्योगिक के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बनाया जाएगा। एआई सिटी कम बिजनेस पार्क बनाने का काम उत्तर प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग करेगा और आवास विकास परिषद मिलकर करेंगे। इसको लेकर दोनों सरकारी विभाग आपस में करार करेंगे। जिसमें दोनों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय होगी ताकि कार्ययोजना को आगे बढ़ाने में कोई बाधा न आए। आवास विकास परिषद बोर्ड की बुधवार को होने वाली बैठक नए वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट और नई आवासीय योजनाओं के प्रस्ताव पास किए जाएंगे। जमीनों की दरों में भी 10 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव लाया जा रहा है। बैठक में छोटे जिलों बस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, वाराणसी, उन्नाव, गोरखपुर, की नई आवासीय योजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहित करने और उनके लिए बजट आवंटित करने को भी मंजूरी दी जाएगी। विभिन्न योजनाओं में स्थित परिषद के सामुदायिक केंद्रों को संचालन के लिए लीज पर निजी हाथों में दिए जाने का प्रस्ताव भी लाया जा रहा है।

## 10 दिन में ओटीएस के 461 आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत बीते 10 दिनों में 461 आवेदन प्राप्त हुये हैं। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को ओटीएस प्रकरणों की समीक्षा करते हुए योजना वार टॉप-10 बकायेदारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि शारदा नगर विस्तार योजना स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी में 29 एवं 30 अप्रैल को 02 दिवसीय कैंप लगाया जा रहा है। डिफॉल्टर आवंटी इस अवसर का लाभ उठाकर कैंप में आकर ओटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवंटियों की सुविधा के लिए उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कैंप में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जिनके द्वारा आवंटियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ओटीएस-2026 के लिए प्राधिकरण भवन में स्थापित विशेष हेल्प डेस्क भी संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 72 आवंटियों ने एकमुश्त समाधान योजना के लिए आवेदन किया। इसे मिलाकर अभी तक ओटीएस के 461 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## उम्र को ध्यान में रखते हुए दवा दें तो बीमारी से मिलती है मुक्ति : डा. कौसर उस्मान

**लखनऊ।** वृद्धावस्था में व्यक्ति को उम्र सम्बन्धी रोग अधिक परेशान करते हैं। बुजुर्ग रोगियों को इलाज के साथ समझने की भी जरूरत होती है। मरीज का उपचार करने वाला डाक्टर अगर उम्र को ध्यान में रखते हुए दवा दे तो बुजुर्ग मरीज की स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या आसानी से दूर हो जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डाक्टरों के लिए एक सार्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया है। जीरियाट्रिक सोसायटी आफ इंडिया की ओर एक मई से शुरू होने वाले इस कोर्स में देश के अलग-अलग चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ युवा डाक्टरों को जरूरी प्रशिक्षण देंगे। कोर्स डॉ. कौसर उस्मान व डा. अतुल कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में संचालित किया जाएगा। डॉ. उस्मान ने बताया की कोर्स तीन महीने का होगा, जिसे कोई भी चिकित्सक कर सकता है। अब तक 100 से अधिक चिकित्सक इसके लिए आवदेन कर चुके हैं। मंगलवार और शुक्रवार को रात 8 बजे ऑनलाइन क्लास चलेंगी। सीनियर सिटीजन को बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में अलग जीरियाट्रिक मेडिसीन विभाग है।

## त्वचा को सन बर्न से बचाने की जरूरत : डा. एमएच उस्मानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अप्रैल का महीना बीत रहा है। मई की दस्तक के साथ ही गर्मी और तेज हो जाएगी। सूर्य की तेज किरणों की वजह से त्वचा झुलस भी सकती है। गर्मी के दिनों में धूप से होने वाली एलर्जी के मरीजों की संख्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में गर्मी के दिनों में त्वचा को सन बर्न से बचाने के लिए खास ख्याल रखने की जरूरत है।

यह जानकारी बलरामपुर अस्पताल के त्वचा रोग विभाग के डा. एमएच उस्मानी ने बताया कि गर्मी के मौसम में नमी और उमस बनी रहती है। जिसके कारण इसका सीधा इफेक्ट त्वचा पर पड़ता है, इससे दाद, खाज, खुजली और घमौरी की समस्या बढ़ जाती है। नमी, उमस और चिपचिपापन के कारण फोड़े फुंसी स्किन पर देखने को मिलते हैं। गर्मी के दिनों में आमतौर पर एलर्जी के मरीजों में इस तरह की समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में बचने के लिए शरीर को पूरी तरह से कपड़े से ढंकना चाहिए। धूप से बचने के लिए चश्मे का इस्तेमाल करना चाहिए। हेलमेट पहनना चाहिए, ग्लव्स लगाकर चलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि अगर आपको अगर तेज धूप में निकलना जरूरी है तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे धूप से थोड़ा बचा हो सकता है।

स्किन संबंधी समस्या से बचने के लिए नहाने के तुरंत बाद शरीर को अच्छे से ड्राइ कर लेना चाहिए। गर्मी के दिनों में ढीले ढाले और कॉटन बेस कपड़े पहनकर बाहर निकलें। सिंथेटिक और टाइट कपड़े बिल्कुल भी ना पहनें। साफ स्वच्छ और धुले हुए कपड़े का ही इस्तेमाल करें, उमस और चिपचिपापन ज्यादा लगता है तो गर्मी के दिनों में दो बार नहा सकते हैं। अगर जरूरी काम ना हो तो सुबह 10 से शाम 4 के बीच तेज गर्मी के दौरान बाहर न निकलें।

# लविवि कर्मचारी परिषद ने पारित किया निन्दा प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol)

- अनुशासनहीनता के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीपी सिंह (मोनू) को उनके पद व कार्यकारिणी की सदस्यता से तत्काल प्रभाव से किया बर्खास्त
- कर्मचारी परिषद ने कुलपति से मिलकर पारित निन्दा व बर्खास्तगी के प्रस्ताव की सौंपी प्रति, उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह को बनाया वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**लखनऊ।** लविवि कर्मचारी परिषद की आवश्यक बैठक मंगलवार को परिषद कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें कुलसचिव द्वारा कर्मचारी परिषद नियमावली/संविधान के विपरीत कार्यकारिणी को भंग करने एवं चुनाव अधिकारी की अधिसूचना/उद्घोषणा करने एवं कतिपय कर्मचारी नेताओं द्वारा वरिष्ठ सहकर्मी व परिषद के पूर्व चुनाव अधिकारी डॉ. रवि शंकर गुप्ता के लिए आपत्ति जनक शब्दों के प्रयोग करने के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और कर्मचारी परिषद के नियमावली/संविधान व उपनियमों का उल्लंघन करने, संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने और अनुशासनहीनता के लिए वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीपी सिंह (मोनू) को उनके पद व कार्यकारिणी की सदस्यता से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में यह प्रस्ताव अध्यक्ष राकेश यादव ने रखा, जिसका अनुमोदन उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह व महामंत्री संजय शुक्ला ने किया। बैठक में उपस्थित मंत्रीगण बाबूलाल, दिनेश वाल्मीकि, केपी सिह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना, संगठन मंत्री शिवानन्द द्विवेदी, प्रचार मंत्री अमित सक्सेना एवं सदस्यगण मुकेशधर दूबे, सोमनाथ, अशोक कुमार, अमित कुमार, लालबाबू व पवन कुमार ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

बैठक के बाद परिषद के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष राकेश यादव एवं महामंत्री संजय शुक्ला के नेतृत्व में कुलपति से मिलकर कार्यकारिणी द्वारा पारित निन्दा व बर्खास्तगी के प्रस्ताव की प्रति सौंपा। इसके साथ ही प्रस्ताव की प्रति जिलाधिकारी, लखनऊ, उप/अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र तथा अध्यक्ष व महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ, उ.प्र. को भी प्रेषित की गयी।

कर्मचारी परिषद पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर कर्मचारी हितों की अनदेखी करने, तानाशाही रवैया अपनाने, लोकतांत्रिक सिद्धांतों व नियमावली की अवमानना करने, कर्मचारियों के अधिकारों का हनन करने के साथ ही परिषद के कार्यो में प्रशासनिक हस्तक्षेप और कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। कर्मचारी परिषद कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीपी सिंह (मोनू) को उनके पद व कार्यकारिणी की सदस्यता से बर्खास्त करने के साथ ही उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह को तत्काल प्रभाव से वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व प्रदान करने का निर्णय लिया।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध बास्केट ऑफ चॉइस

**लखनऊ।** बलरामपुर चिकित्सालय स्थित स्कूल ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरांगना अवंतीबाई महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. सलमान कि यह न केवल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की सही जानकारी प्राप्त कर जागरूक निर्णय लें, जिससे एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके। स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल रागिनी त्रिवेदी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बास्केट ऑफ चॉइस के तहत स्थायी एवं अस्थायी परिवार नियोजन के साधन निःशुल्क उपलब्ध हैं, जिनमें से लाभार्थी अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार चयन कर सकते हैं।

## लोहिया संस्थान में गरबा, डांडिया की प्रस्तुति

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नर्सिंग कॉलेज द्वारा गुजरात स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 1 मई को मनाया जाता है। कार्यक्रम का संचालन लीना प्रविल जॉन, सहायक प्राध्यापक, एवं वर्षा द्विवेदी (ट्यूटर) द्वारा सरल, प्रभावी और उत्साहपूर्ण तरीके से किया गया। कार्यक्रम में अतिथि प्रो. डा. सीएम सिंह (निदेशक), प्रो. डॉ. प्रद्युम्न सिंह (डीन), डा. डीके श्रीवास्तव (अध्यक्ष, नर्सिंग कॉलेज), प्रो. मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुजराती लोक नृत्य (गरबा/डांडिया) रहा। इसके साथ ही समूह गीत, युगल नृत्य और समूह नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह को दर्शाया गया।

## जनगणना ड्यूटी में लगे स्वास्थ्यकर्मी, मरीज परेशान

**लखनऊ।** महानगर स्थित भाऊराव देवरस अस्पताल में मंगलवार को पूरे दिन पैरामेडिकल, नर्सिंग और कर्मचारियों का वक्त ड्यूटी कटवाने में गुजर गया। इसकी वजह से ओपीडी में इलाज की व्यवस्था प्रभावित रही। दूर दराज से आए मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिला सका। अस्पताल के बड़ी संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी जनगणना में लगा दी गई है। अस्पताल में 100 से अधिक बेड हैं और ओपीडी में प्रतिदिन 1100 से ज्यादा मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने कर्मचारियों को अभी रिलीव नहीं किया है। ड्यूटी लगाने में अस्पताल के सभी लैब टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट, फार्मासिस्ट, इमरजेंसी के वार्ड ब्वॉय, नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई।

## स्वास्थ्य सेवाओं में एआई विस्तार को लेकर हुआ करार

**लखनऊ।** कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान एवं केरल के तिरुवनंतपुरम जेंटुरियोटेक प्राइवेट लिमिटेड के बीच मंगलवार को करार हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट, जेंटुरियोटेक की सीईओ कु अजीशा भासी ने डिजिटल स्वास्थ्य, क्लिनिकल रिसर्च, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में अहम कदम बताया। डा. भट्ट ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार को बढ़ावा देने के लक्ष्य को पूर्ण करेगा। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टीफिशियल एंटेलीजेंस (एआई), वर्चुअल रियलिटी, वेब एवं एप्लिकेशन विकास जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी।

## 50 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को गोसाईंगंज में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। कार्रवाई के दौरान लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 04 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन 1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुलतानपुर रोड स्थित ग्राम मलौली में अभियान चलाया गया। इस दौरान राजदेव सिंह, सुधीर सिंह, वीर भूमि इन्फ्रा डेवलपर्स के संजय कुमार व अन्य द्वारा लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा महेन्द्र शुक्ला, एसके गुप्ता, विशाल व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के ग्राम.दुलारमऊ में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

## आईसीयू में कैथेटर, ट्यूब की गड़बड़ी से संक्रमण का खतरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- कैंसर संस्थान में नर्सिंग ऑफिसर्स का प्रशिक्षण कोर्स

**लखनऊ।** संक्रमण फैलने से मरीज की स्थिति बिगड़ सकती है। 60 नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षण में सही देखभाल और निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह जानकारी देते हुए केजीएमयू के पूर्व डीन पैरामेडिकल डॉ. विनोद जैन ने कहा कि आईसीयू में भर्ती मरीजों के कैथेटर और ट्यूब की जरा सी गड़बड़ी गंभीर खतरा बन सकती है। अगर कैथेटर सही तरह से न लगा हो या समय पर साफ-सफाई न हो, तो संक्रमण तेजी से फैल सकता है।

डा. जैन मंगलवार को चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में इंटीग्रेटेड पैरामेडिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ, इसमें 60 नर्सिंग ऑफिसर्स को प्रशिक्षण को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन या वेंटिलेशन से जुड़ी ट्यूब में रुकावट या गलत पोजिशन होने पर सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। आईसीयू में लगातार निगरानी और सही देखभाल बेहद जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही मरीज के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। संस्थान के निदेशक डा. एमएलबी भट्ट ने मैकेनिकल वेंटिलेशन की मूल जानकारी और ब्लड ट्रांसफ्यूजन से जुड़े जरूरी पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

साथ ही मरीजों के सुरक्षित परिवहन के तरीके भी बताए गए। भर्ती मरीजों की सेहत की निगरानी बहुत जरूरी है। मरीज की छोटी-छोटी गतिविधियां अहम होती हैं। इसे देखने की जिम्मेदारी नर्सों की होती है। आईसीयू में भर्ती मरीजों को बेहतर और सुरक्षित इलाज मुहैया कराने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण जरूरी है। कार्यक्रम में डीन डा. प्रमोद कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डा. वरुण विजय, कुलसचिव डा. आयुष लोहिया, डा. मधुलिका दुबे, डा. एस प्रिया, डा. रुचि सक्सेना, डा. इंदुबाला मौर्य, डा. अंजु दुबे, डा. अभिषेक पाण्डेय, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर गजेंद्र एवं करतार सिंह मौजूद रहे।

# सरोजनीनगर बना जनसेवा और जनविश्वास का मॉडल

### तारा शक्ति रसोई से डिजिटल केंद्रों तक, विकास के साथ संवेदनाओं का अनूठा संगम

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सरोजनीनगर अब केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं रहा, बल्कि जनसेवा और जनविश्वास का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरा है। यहाँ विकास की परिभाषा केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में भरोसा, सम्मान और आत्मनिर्भरता जोड़ने तक विस्तारित हो चुकी है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में जनसेवा एक सतत अभियान के रूप में आगे बढ़ रही है।

तारा शक्ति रसोई इस बदलाव का प्रमुख उदाहरण बनकर सामने आई है, जहाँ प्रतिदिन 4000 से अधिक जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को सम्मान और सहारा देने का माध्यम बन चुकी है। वहीं तारा शक्ति केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। यहाँ 30,000 से अधिक पर्यावरण मित्र बैग, 50,000 से अधिक ध्वज और 40,000 से अधिक तिरंगे तैयार किए जा चुके हैं, जो हजारों महिलाओं के सशक्तिकरण की कहानी बयां करते हैं। युवाओं के लिए रणबहादुर सिंह युवा डिजिटल केंद्र नई संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। अब तक 1000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जबकि 8000 से अधिक नागरिकों को डिजिटल सेवाओं का लाभ मिला है। आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनप्रतिनिधि और जनता के बीच की दूरी भी समाप्त हुई है। 165 सप्ताहों से लगातार गाँव-गाँव जाकर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, जिससे लोगों में विश्वास और गहरा हुआ है। इसके अलावा 1700 से अधिक मेधावी छात्रों का सम्मान, सैकड़ों परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और श्री राम रथ श्रवण यात्रा के माध्यम से 5000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या दर्शन का अवसर प्रदान किया गया है। डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि सरोजनीनगर की असली ताकत उसकी जनता है। कार्यकताओं का समर्पण, मातृशक्ति की भागीदारी और बुजुर्गों का आशीर्वाद इस क्षेत्र को एक जनआंदोलन में बदल रहे हैं। आज सरोजनीनगर एक ऐसे मॉडल के रूप में सामने है, जहाँ हर नागरिक की भागीदारी से विकास को नई दिशा मिल रही है और यही इसे प्रेरणादायक बनाता है।

# सीएम योगी के निर्देश पर तेज हुई भर्तियां

### बीएड सहायक आचार्य के 107 पदों पर फिर शुरू हुई प्रक्रिया

विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी विभागों में भर्तियों की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों के लिए संशोधित विज्ञापन जारी कर दिया गया है। यह कदम प्रदेश में योग्य युवाओं को शीघ्र रोजगार उपलब्ध कराने तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह विज्ञापन पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत आता है, जिसमें अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में सहायक आचार्य के कुल 1017 पदों के सापेक्ष बीएड विषय के 107 पद सम्मिलित थे। न्यायालयीय आदेशों एवं अर्हता संबंधी आपत्तियों के चलते पूर्व की प्रक्रिया निरस्त कर दी गई थी। अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) रेगुलेशन-2014 के अनुरूप अर्हता सुनिश्चित करते हुए पुनः यह संशोधित विज्ञापन जारी किया गया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 12 फरवरी 2026 एवं 11 मार्च 2026 को जारी आदेशों के आधार पर बीएड सहायक आचार्य पद की नई शैक्षिक अर्हता निर्धारित की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केवल वही अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे, जो 31 अगस्त 2022 तक निर्धारित अर्हता पूर्ण करते हों।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 28 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 27 मई 2026 (रात्रि 11:59 बजे तक) निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को 30 मई 2026 तक आवेदन में संशोधन एवं शुल्क समाधान का अवसर दिया गया है। प्रस्तावित परीक्षा 28 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी।

पूर्व में 09 जुलाई 2022 एवं 23 मई 2025 के विज्ञापनों में आवेदन कर चुके पात्र अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करना अनिवार्य होगा, हालांकि उन्हें दोबारा आवेदन शुल्क जमा नहीं करना पड़ेगा। उनके पूर्व आवेदन संख्या की जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है।

वहीं, ऐसे अभ्यर्थी जो निर्धारित अर्हता पूरी नहीं करते हैं, वे आवेदन शुल्क वापसी के लिए आयोग को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर ही आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें।

## पांच करोड़ की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त

**लखनऊ।** नगर निगम भूमि पर हुए अवैध कब्जों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई में मंगलवार को ग्राम हसनपुर खेवली अंसल अभियान चलाया गया गया। ग्राम हसनपुर खेवली स्थित गाटा संया 710ए जिसका कुल क्षेत्रफल 0.607 हेक्टेयर ऊसर भूमि है, पर कुछ व्यक्तियों की ओर से अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा अस्थायी बाउंड्री वॉल बनाकर तथा पौधरोपण कर भूमि को कब्जाने का प्रयास किया जा रहा था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई में कुल 0.253 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इाके अलावा ग्राम बरावन कला में 0.089 हेक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक भूमि पर कुछ व्यक्तियों एवं स्थानीय लोगों की ओर से अस्थायी बाउंड्री वॉल बनाकर और पौधरोपण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध बाउंड्री वॉल एवं अन्य निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम रत्नेश कुमार द्वारा किया गया। अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 26 लाख रुपये आंकी गई है।

## रीजनल एनेस्थीसिया केवल ऑपरेशन की तकनीक नहीं, बल्कि दर्द प्रबंधन में बेहतर रिकवरी

**लखनऊ।** एनेस्थीसिया विशेषज्ञों ने कहा है कि रीजनल एनेस्थीसिया केवल ऑपरेशन की तकनीक नहीं, बल्कि दर्द प्रबंधन, सुरक्षित उपचार और बेहतर रिकवरी का सशक्त माध्यम है। मानक प्रोटोकॉल, अल्ट्रासाउंड आधारित तकनीक और प्रशिक्षित विशेषज्ञों के माध्यम से मरीजों की सुरक्षा और बेहतर की जा सकती है। रीजनल एनेस्थीसिया से जहां सिजेरियन डिलीवरी में प्रसूता का दर्द कम किया जा सकता है, वहीं कैंसर सर्जरी में मरीज की प्रतिरक्षा शक्ति को बेहतर बनाये रखने के साथ ही कैंसर के फैलाव को रोकने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। यह जानकारी जानकारी देते हुए इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स के सचिव एवं केजीएमयू के एनेस्थीसिया विभाग के डा. तन्मय तिवारी ने बताया कि एक्सपर्ट मीट में उत्तर भारत से 100 से अधिक चिकित्सकों ने सहभागिता की।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001: 2004, ISO 9001: 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, (उ0प्र0)
टोल–फ्री : 1800 1800 5000 वेबसाइट : http://www.ldalucknow.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट – ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | आवंटी/मृतक श्रीमती सुमन देवी | भवन सं0–ई–1/398 रूचि खण्ड–2 | शारदा नगर योजना | 02.10.2025 | श्रीमती जया बबलू सोनी | – | मृतका की पुत्री |
| 2 | आवंटी/मृतक श्रीमती स्वर्ण लता एवं श्री मोहन भाटिया | भवन सं0–एम0एम0आई0 जी–460, सेक्टर डी–1 | कानपुर रोड योजना | 14.09.2020 02.02.2022 | श्रीमती मिनाक्षी जसवानी | – | मृतक की पुत्री |
| 3 | स्व0 निर्मला सिंह | भवन संख्या– एम–4/21 | विनय खण्ड गोमती नगर योजना | 11.02.2025 | श्री अजय सिंह | वसीयत के आधार पर | पुत्र |
| 4 | स्व0 संजय कुमार | भवन सं0–डी0एस0/936 सेक्टर–सी | सीतापुर रोड योजना | 18.11.2016 | श्रीमती सुषमा (पत्नी) श्री अंकुर (पुत्र) | – | पत्नी/पुत्र |
| 5 | श्री अतुल कुमार मेहरोत्रा | व्यवसायिक भूखण्ड संख्या–डी–106 | विभूति खण्ड गोमती नगर योजना | 23.07.1998 | श्रीमती शोभा मेहरोत्रा, श्री मयंक मेहरोत्रा, श्रीमती सोनाली टंडन, श्रीमती नेहा सिंह | श्रीमती शोभा मेहरोत्रा, श्रीमती सोनाली टंडन, श्रीमती नेहा सिंह | पत्नी/पुत्र/पुत्रियां |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# शो रूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 13 स्कूटी जलकर खाक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुडंबा इलाके कुर्सी रोड स्थित एक इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं निकलता देखकर ऊपर रहने वाली एक युवती ने शोरूम के मालिक को आग लगने की जानकारी दी। शोरूम मालिक फौरन नीचे आए और शटर का ताला खोला। अंदर देखा कि शोरूम में खड़ी स्कूटी में आग लगी है। मालिक और उनके बच्चों ने आनन-फानन में शोरूम में खड़ी आठ स्कूटी को सुरक्षित निकाला। जबकि 13 स्कूटी आग की चपेट में आने से जल गई। आग की सूचना पर इंदिरा नगर एफएसओ एक दमकल की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

कुर्सी रोड गुडंबा थाने के पास रहने वाले रविंद्र नाथ तिवारी का रविंद्र इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी का शोरूम हैं। रविंद्र ने बताया कि लोअर ग्राउंड फ्लोर पर शोरूम हैं। अपर ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया है। उसके ऊपर के दो खंड में वह स्वंय परिवार के साथ रहते है। सोमवार रात करीब एक बजे मकान में वाली युवती कुंकुम ने शोरूम से धुआं निकलता देखा। और रविंद्र को जानकारी दी। शोरूम से धुआं निकलने की सूचना मिलते ही रविंद्र घबरा गए और फौरन शोरूम का ताला खोला। वहां देखा कि शोरूम में खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी आग में जल रही थी। रविंद्र जोर जोर से चीखने लगे। शोर सुनकर परिजन व आसपास के लोग आ गए। रविंद्र ने परिजनों के साथ शोरूम में खड़ी स्कूटी को फौरन बाहर निकाला। तब तक किसी ने शोरूम में आग लगने की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। जानकारी मिलते ही इंदिरानगर फायर स्टेशन की एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने फौरन राहत कार्य शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इंदिरानगर एफएसओ ने बताया कि आग की सूचना कंट्रोल रूम पर रात में 1:22 बजे मिली थी। वह दमकल की एक गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। और राहत कार्य शुरू किया। आग से शोरूम में 13 स्कूटी जल गयी है और 8 स्कूटी सुरक्षित निकाल ली गई। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। शोरूम में आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। वहीं पीड़ित ने बताया कि आग से करीब 10 से 15 लाख का नुकसान हुआ है।

## पांच बार चालान होने पर डीएल होगा निलम्बित

**लखनऊ।** अगर आप राजधानी में बिना हेल्मेट बेधड़क होकर दोपहिया वाहन चलाते हुए बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं। अब ऐसे वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जा रहे हैं। निलंबन की अवधि में यदि वह वाहन चलाते मिलेंगे तो उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। तीन महीनों में 86 दोपहिया वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। 250 से अधिक को नोटिस दी जा चुकी है, जिन्हें नोटिस मिली है, उनका जवाब न मिलने पर उनके भी लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे।

यह पहली बार है कि जब बिना हेल्मेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। अभी तक ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, ट्रिपल सवारी सहित अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस निलंबित किए जाते रहे हैं। आरटीओ कार्यालय के अनुसार पिछले तीन महीनों में पांच या पांच बार से अधिक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 124 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

## शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण, कराया गर्भपात

- एक माह से युवती को छोड़ फरार चल रहा था आरोपी
- दूसरे समुदाय की है युवती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के डेहवा में रहने वाले युवक ने दूसरे समुदाय की लड़की को शादी का झांसा देकर तीन महीनों तक किराये के कमरे में रखकर यौनशोषण किया। इस दौरान युवक की नौकरी छूट गई और एक महीना पहले वह युवती को किराये के कमरें में छोड़कर भाग निकला। युवती आरोपी की तलाश कर रही थी। उसे जानकारी हुई कि युवक अपने घर पर मौजूद है। इसके बाद युवती कुछ लोगों को लेकर सोमवार की देर रात युवक के घर पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। डेहवा निवासी अभिषेक गौतम वेयर हाउस में काम करता था। युवती के मुताबिक तीन महीने पहले उसकी मुलाकात अभिषेक से हुई। उसने शादी का झांसा देकर उसे हरिकंशगढी चौकी क्षेत्र में एक किराये का कमरा लेकर रहने लगा। इस बीच वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि युवक ने उसका गर्भपात करवा दिया। एक महीना पहले युवक की नौकरी छूट गई। वह युवती को अकेला किराये के कमरे में छोड़कर भाग निकला। युवती तब से युवक की तलाश कर रही थी।

सोमवार को युवक के घर पर मौजूद होने की सूचना पाकर कुछ लोगों को लेकर युवती देर रात्रि आरोपी के घर पहुंच गई। युवक को मौके पर पाकर जमकर हंगामा काटा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक अभिषेक को हिरासत में ले लिया। एसीपी विकास पांडेय ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

## बीवी को दिया तीन तलाक घर में लगायी आग

**लखनऊ।** सआदतगंज क्षेत्र में तीन तलाक, मारपीट और आगजनी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वजीरबाग अखाड़ा निवासी सबा का आरोप है कि रविवार की शाम करीब 4 बजे पति शादाब उनके मायके पहुंचा और उनके साथ-साथ घरवालों से भी मारपीट करने लगा। परिवार ने विरोध किया तो वह सबा को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा।

सबा के भाई ने कहा कि घर के बड़े-बुजुर्गों को साथ लेकर आएं तब ही विदाई होगी। इस बात पर शादाब भड़क गया और सबा को आग लगाने का प्रयास किया। परिवार वालों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई और शादाब को घर से बाहर कर दिया। आरोप है कि घर के बाहर खड़े होकर उसने सबा को एक साथ तीन तलाक दे दिया और वहां से चला गया। इसके बाद शादाब उस घर पहुंचा। जहां वह सबा के साथ रहता था। वहां उसने मायके से मिले सामान में आग लगा दी और फरार हो गया।

## पीजीआई क्षेत्र में अंबेडकर अंडरपास में लगा भीषण जाम

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में अंबेडकर अंडरपास के नीचे मंगलवार को भीषण ट्रैफिक जाम लगा। दोपहर करीब एक बजे जाम में स्कूली बच्चे, महिलाएं और राहगीर करीब 40 मिनट फंसे रहे। वैन में एसी की कमी के कारण बच्चों को गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की अनदेखी और अतिक्रमण के मुद्दे पर चिंता जताई है।

तपती दोपहर और सड़क पर थमा ट्रैफिक, पीजीआई क्षेत्र में शहीद पथ स्थित अंबेडकर अंडरपास के नीचे मंगलवार को ऐसा ही हाल देखने को मिला। दोपहर करीब एक बजे चारों ओर से आए वाहनों के दबाव के चलते भीषण जाम लग गया, जिसमें स्कूली बच्चे, महिलाएं और राहगीर करीब 40 मिनट तक फंसे रहे। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ी। ज्यादातर स्कूल वैन में एसी की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चे गर्मी में बेहाल नजर आए। वैन चालकों ने बताया कि यह समस्या रोजाना की है।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग से 1.15 करोड़ रुपये की ठगी

- आरोपी ने एसएमसी सिक्योरिटी समेत कई कंपनियों में लाखों रुपए कराये थे निवेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जालसाजों ने निवेश और क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर एक बुजुर्ग से 1.15 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। आलमबाग के रहने वाले बुजुर्ग ने आशियाना निवासी युवक और उसके साथियों पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए रकम हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने साइबर सेल कृष्णानगर में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करवाया है।

आलमबाग के पूरन नगर निवासी राजेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2019 में यूनियन बैंक के एक कर्मचारी के माध्यम से उनकी मुलाकात हिमांशु गिहार उर्फ आजाद से हुई थी। हिमांशु ने खुद को ट्रेडिंग और एसआईपी का जानकार बताते हुए निवेश पर अच्छा मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद वह घर आकर अलग-अलग योजनाओं में पैसा लगवाने लगा।

पीड़ित के अनुसार शुरूआत में कुछ रकम वापस भी मिली, जिससे भरोसा बढ़ता गया। आरोपी ने यूबीआई रिलायंस, विश्वास ट्रेडिंग, संकल्प ट्रेडिंग, टेक-पे, एलाइंस ब्लू, विश्वास सिक्योरिटी और एसएमसी सिक्योरिटी समेत कई कंपनियों में लाखों रुपए निवेश कराए। बाद में ट्रेडिंग में घाटा होने की बात कहकर क्रिप्टो और 'आई फाचून मशीन' में निवेश कराने लगा।

शिकायत के मुताबिक वर्ष 2023 से 2025 के बीच आरोपी ने अलग-अलग खातों में कुल 1 करोड़ 15 लाख 3 हजार 88 रुपए जमा कराए। इसमें करीब 93.61 लाख रुपए 'आनन्दी इंटरप्राइजेज' के नाम पर ट्रांसफर कराए गए। बाकी रकम आरोपी और उसके परिजनों व सहयोगियों के खातों में जमा कराई गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी ई-मेल के जरिए रकम मांगता था और ट्रांसफर के स्क्रीनशॉट भी मंगवाता था।

कई बार वह खुद उनका मोबाइल लेकर लेनदेन करता था। आरोपी ने भरोसा दिलाया था कि नवंबर 2025 से पूरी रकम मुनाफे के साथ वापस मिलनी शुरू हो जाएगी। जब तय समय पर पैसा नहीं लौटा तो पीड़ित ने बेटे को पूरी जानकारी दी। बेटे ने ऑनलाइन जांच और आरोपी द्वारा दी गई बुकलेट की पड़ताल की तो दस्तावेज फर्जी निकले।

## रि. ट्रेजरी ऑफिसर को 27 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' कर 84 लाख ठगे

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने रिटायर ट्रेजरी ऑफिसर को 27 दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' रखकर 84.50 लाख रुपये की ठगी की। जालसाजों ने खुद को पुलिस और अधिकारी बताकर बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसने का डर दिखाया। साइबर जालसाजों ने रिटायर ट्रेजरी अफसर को व्हाट्सऐप वीडियो कॉल कर मनी लांड्रिंग के केस में जेल भेजने की धमकी दी। मोबाइल पर कोर्ट का फर्जी अरेस्ट वारंट भेजकर विश्वास में लिया। पुणे में मुकदमा दर्ज होने की बात कहकर 27 दिन तक डिजिटल अरेस्ट किया और 84.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित बुजुर्ग बदरुद्दीन ने साइबर थाने में जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर साइबर थाना ब्रजेश कुमार यादव के मुताबिक बदरुद्दीन जानकीपुरम सेक्टर जी के रहने वाले हैं। वह ट्रेजरी विभाग से रिटायर हैं और करीब 84 वर्ष के बुजुर्ग हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि सात मार्च को जालसाजों ने उनके व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल की। खुद को लखनऊ पुलिस मुख्यालय का सीनियर इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा बताया। जेल भेजने की धमकी देते हुए पुणे में मनी लांड्रिंग का केस दर्ज होने की बात कही। कहा कि आपसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अफसर बात करेंगे। फोन किसी और को दिया। उसने खुद को एनआईए का अधिकारी बताया। उसने कहा कि आपको डिजिटल अरेस्ट किया गया है।

जालसाजों ने कहा कि जांच पूरी न होने तक आप किसी से बात नहीं करेंगे न ही किसी को कोई जानकारी देंगे। आपके बैंक खातों की जानकारी की जाएगी। तफ्तीश पूरी होने पर सारे रुपये वापस कर दिए जाएंगे। इस तरह जालसाजों ने चार अप्रैल तक डिजिटल अरेस्ट रखा। बैंक खातों की जानकारी ली। चार बार में अलग-अलग बैंक खातों में 84.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

## पति की पिटाई से घायल महिला की मौत

**लखनऊ।** मदेयगंज इलाके में घरेलू विवाद ने एक महिला की जान ले ली। पति की पिटाई से घायल हुई 25 वर्षीय राधा की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला पिछले आठ दिनों से बलरामपुर अस्पताल में भर्ती थी। मंगलवार को पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से खदरा-मदेयगंज निवासी राधा की शादी वर्ष 2018 में केशव नगर पुरानिया निवासी मोनू से हुई थी। इनके दो बेटे भी है। मोनू मजदूरी करता है। परिजनों ने बताया कि मोनू शराब पीने का लती है। आरोप है कि बीते 19 अप्रैल की रात मोनू शराब पीकर घर आया। पत्नी ने विरोध किया तो मोनू ने राधा के साथ मारपीट की। इस दौरान राधा के सिर पर गंभीर चोट आ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। इस मामले की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिंस ने राधा को गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इलाज के दौरान राधा की मौत हो गई।

## वाहनों से हो रही अवैध वसूली

**लखनऊ।** सरकार ने जनमानस को त्वरित सहायता पहुंचाने के लिए डायल 112 की सुविधा प्रदान की, लेकिन डायल 112 को लकड़ी ठेकेदार से वसूली करने से ही फुर्सत नहीं है। बीते शुक्रवार को समय लगभग डेढ़ बजे दिन मे कबीर आश्रम पारा की पुलिया के निकट का दृश्य वीडियो में देखा जा सकता है, जहां ट्रैक्टर-ट्राली से डायल 112 वसूली कर रवाना हो रही है। यह दृश्य ग्रामीणों को खाकी के प्रति नफरत और घृणा उत्पन्न करता है, जहां सरकार ने पुलिस को लोगों की सुरक्षा के लिए नियुक्त किया है, वहीं पुलिस मदद के बजाय शोषण करने का कार्य करते नजर आ रही है। ऐसे में पुलिस से कोई अपेक्षा करना निरा सपना है। शुक्रवार को समय लगभग डेढ़ बजे दिन में इनकी लोकेशन से देखा जा सकता है, क्योंकि सिर्फ वसूली करने गये थे। इसके अलावा कोई सूचना पर भी नहीं गये। वहीं वापस लौट आये थे। सूत्रों से मिली जानकारी की डायल 112 की गाड़ी लकड़ी काटन पर भी जाती है।

## राहुल गांधी नागरिकता मामले की अगली सुनवाई 7 को

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाइकोर्ट कि लखनऊ बेंच में मंगलवार को राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवायी हुयी। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी द्वारा स्वयं को मामले से अलग करने के पश्चात अब मामले को न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ को आवंटित कर दिया गया है। मंगलवार को याची एस विग्नेश शिशिर ने न्यायालय से अनुरोध किया कि मामले में जरूरी दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया जाए जिसे न्यायालय ने मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख नियत की है।

## कालेजों को दी गयी अस्थायी सहयुक्तता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विभिन्न महाविद्यालयों को अस्थायी सहयुक्तता प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अंतर्गत प्रदेश के कई जिलों के महाविद्यालयों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विविध पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सहयुक्तता का उद्देश्य उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करना और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस प्रक्रिया में विधि, वाणिज्य, विज्ञान, कला एवं प्रबंधन जैसे प्रमुख संकायों के पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं।

## होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा सकुशल संपन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को प्रदेश के 74 जनपदों के 1053 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। पूरे परीक्षा आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में कराई जा सकी।

परीक्षा के दौरान बायोमैट्रिक सत्यापन, फोटो मिलान और डिजिटल निगरानी के जरिए नकल और फर्जीवाड़े पर कड़ी नजर रखी गई। इसी के चलते कूटरचित दस्तावेज, प्रतिरूपण और अनुचित साधनों के उपयोग के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अभियोग दर्ज किए गए। परीक्षा के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेपर लीक और भ्रामक सूचना फैलाने के मामलों को भी गंभीरता से लिया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश कु. महक हो गया है। भविष्य में उसे मुस्कान अग्रहरि पुत्री संगीता अग्रहरि पत्नी ठाकुर प्रसाद अग्रहरि नि.-ई-3/522 विनय खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ से जाना जाये।

**आवश्यकता**

**गया सिंह सुमित्रा सिंह चौहान महाविद्यालय**
**कल्यानपुर-हरगांव, सीतापुर**
**आवश्यकता है**

**प्राचार्य-01 पद**

**कला संकाय हेतु** सहायक आचार्य-हिन्दी साहित्य-01 पद, अंग्रेजी साहित्य-01 पद, गृह विज्ञान-01 पद, समाजशास्त्र-01 पद, शिक्षाशास्त्र-01 पद, अर्थशास्त्र-01 पद एवं राजनीति शास्त्र-01 पद

**विज्ञान संकाय हेतु** रसायन विज्ञान-01 पद भौतिक विज्ञान-01 पद जंतु विज्ञान-01 पद वनस्पति विज्ञान-01 पद गणित-01 पद

योग्यता-यू.जी.सी. के नियमानुसार

**नोट**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अभिलेखों की छायाप्रति दो-दो फोटो सहित निम्नलिखित पते पर प्रेषित करें।

**प्रबंधक**
**इंद्रपाल सिंह चौहान**
**ग्राम-कल्यानपुर, पोस्ट-हरगांव**
**जिला- सीतापुर**

## सीएमएस इन्दिरा नगर में अत्याधुनिक लाइब्रेरी और कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन



**लखनऊ।** सीएमएस के इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस में अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, डान्स रूम एवं सुसज्जित लॉबी समेत विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं का शुभारम्भ सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों ने उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सीएमएस के प्रयासों की दिल खोलकर सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने नृत्य, गायन व अन्य शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। सीएमएस इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस के नवीनीकरण के अन्तर्गत भावी पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा पद्धति के तौर-तरीके से तैयार किया गया है।

## बिग डैडी क्लब में छेड़छाड़ के विरोध में दो पक्षों में भिड़ंत

- दोनों पक्षों में बीयर की बोतलें चाकू और डंडे चले, कई घायल

**लखनऊ।** विभूतिखंड क्षेत्र में साइबर हाइट्स बिल्डिंग स्थित बिग डैडी क्लब में सोमवार देर रात छेड़छाड़ के विरोध में दो पक्षों में भिड़ंत हुई। भिड़ंत के दौरान दोनों पक्षों में बीयर की बोतलें, चाकू और डंडे चले। एक दूसरे के सिर पर बोतलें दे मारी। घटना से बार में अफरा-तफरी मच गई। हमले में तीन के सिर फटे और कई के कपड़े फट गए। लोगों खुद को बचाने के लिए कुर्सी और मेज के नीचे छुप गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

कठौता चौराहे के पास रहने वाला एक युवक निजी कंपनी में नौकरी करता है। सोमवार देर रात वह अपनी दो बहनों और उनकी सहेलियों के साथ साइबर हाइट्स बिग डैडी क्लब में पार्टी करने गया था। क्लब में पार्टी चल रही थी सभी डांस करने के साथ ही गाने गा रहे थे। युवक के मुताबिक इस बीच रायबरेली के रावतपुर का शिवेंद्र और भूतनाथ मार्केट इंदिरानगर निवासी वरुण कश्यप पहुंचे। युवक ने पुलिस को बताया कि वह अपही बहन और उनकी दोस्तों के साथ खड़ा था। इस बीच शिवेंद्र की ओर से एक युवक पहुंचा। उसने बहन की सहेलियों से अभद्रता कर दी। बैड टच किया। विरोध पर गाली-गलौज करने लगा। नोकझोंक शुरू हो गई। शिवेंद्र व वरुण ने धमकी दी। फिर फोन मिलाकर अपने अन्य दोस्तों को बुला लिया। दोस्तों के आते ही शिवेंद्र और वरुण ने हमला बोल दिया। बेल्ट, डंडे और कांटा चम्मच से हमला बोल दिया। सभी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बहन और उनकी सहेलियों से अभद्रता की। धक्का देकर गिरा दिया।

क्लब में बैठे अन्य लोग दहशत में आकर मेज और कुर्सी के नीचे छिप गए। बहन की सहेलियों के कपड़े फट गए। घटना की जानकारी पर विभूतिखंड थाने से और समिट बिल्डिंग स्थित चौकी से पुलिस बल पहुंचा। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को पकड़ा। हमले में युवक के अलावा शिवेंद्र और वरुण का भी सिर फट गया था। शिवेंद्र और वरुण ने पुलिस को बताया कि विवाद के दौरान युवक ने बीयर की खाली और भरी बोतलें उनके सिर पर दे मारी। बीयर की बोतले सिर पर फटने से खून निकलने लगा। पुलिस घायलों को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनका इलाज हुआ। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर मिली है। एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो और सीसी फुटेज से हमलावरों की पहचान की जा रही है।

## आगरा एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर हादसा, बाल-बाल बचे

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसा हुआ। आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर बड़ागांव अंडरपास के पास एक छोटा हाथी (डाला) और वश 300 कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। कार के एयरबैग तुरंत खुल गए, जिससे वश 300 के चालक को गंभीर चोट लगने से बचाव हो सका। दोनों वाहनों के चालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारु किया। कुछ समय के लिए सर्विस रोड पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस की तत्परता से जल्द ही सामान्य कर दिया गया।

## युवक ने पड़ोसियों के सामने लगायी फांसी

- मकान मालिक ने 12 सौ रुपये किराये को लेकर किया था बेइज्जत

**लखनऊ।** ठाकुरगंज क्षेत्र में मकान मालिक ने 12 सौ रुपए किराये के लिए मना किया तो युवक ने सबके सामने ही फांसी लगा ली। पत्नी सीमा ने रोते हुए कुछ दूरी पर रहने वाली ननद अंजली को फोन कर मामले की जानकारी दी। सीमा की गुहार पर वहां से गुजर रहे राहगीर राजू ने दरवाजा तोड़कर श्याम बाबू को फंदे से नीचे उतारा। अस्पताल ले गए जहां डाक्टर में मृ त घोषित कर दिया।

ठाकुरगंज क्षेत्र में गुलाला घाट के पास किराए के मकान में रहने वाले श्याम बाबू मिश्र (24) ने मकान मालकिन की अभद्रता से आहत होकर फंदा लगा लिया। श्याम बाबू अयोध्या के थरिया कलॉ के रहने वाले थे। छह माह पहले ठाकुरगंज क्षेत्र में किराए के मकान में रहने आए थे। श्याम बाबू की पत्नी ने मकान मालकिन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पत्नी सीमा के मुताबिक वह एक साल की बेटी के साथ किराए के मकान में रह रही थीं। पति पेंटिंग का काम करते थे। मकान मालकिन ने दो हजार प्रति माह के दर से किराए पर कमरा दिया था। हर माह 25 तारीख को किराया देना होता था। 24 अप्रैल को श्याम बाबू ने मकान मालकिन को 800 रुपये दिए थे। शेष 1200 रुपये जल्द देने की बात कही थी। आरोप है कि सोमवार शाम सात बजे श्याम बाबू काम से घर लौटे।

सीमा ने बताया कि उनकी बेटी मकान मालकिन के कमरे में खेल रही थी। सीमा बेटी को लेने कमरे में गईं तो मालकिन ने शेष किराया मांगा। इसपर सीमा ने कहा कि पति आ गए हैं। आप उन्हीं से मांग लीजिए। मकान मालकिन श्याम बाबू के पास पहुंची और किराया देने के लिए कहा। श्याम बाबू ने दो दिन की मोहलत मांगी, जिसपर महिला ने हंगामा शुरू कर दिया। सीमा का आरोप है कि रुपये नहीं देने पर मालकिन ने कहा कि अगर किराया नहीं दोगे तो कमरे में ताला बंद रहेगा। हंगामा होता देख आसपास के लोग भी वहां एकत्र हो गए। पड़ोसियों के सामने ही मालकिन से श्याम बाबू की बेईज्जती कर दी।

इससे आहत होकर श्याम बाबू ने दुपट्टे और पंखे के सहारे फंदा लगा लिया। सीमा ने खिड़की से झांककर देखा तो पति फंदे पर लटके मिले। सीमा ने शोर कर लोगों से मदद मांगी, लेकिन पड़ोसी वहां से भाग निकले। किसी ने भी दरवाजा तोड़ने की कोशिश नहीं की। सीमा ने रोते हुए कुछ दूरी पर रहने वाली ननद अंजली को फोन कर मामले की जानकारी दी। सीमा की गुहार पर वहां से गुजर रहे राहगीर राजू ने दरवाजा तोड़कर श्याम बाबू को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम बाबू को मृत घोषित कर दिया। एसीपी चौक राजकुमार सिंह का कहना है कि इस मामले में परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# किन्नर समुदाय को नेग मांगने का कानूनी अधिकार नहीं

### बीएनएस के तहत आपराधिक कृत्य, किन्नर की उसके क्षेत्र निर्धारण की मांग वाली याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि किन्नर (ट्रांसजेंडर) समुदाय को पारम्परिक बधाई वसूली ,जिसे आम भाशा में नेग कहा जाता है ,मांगने का कानूनी अधिकार नहीं है तथा ऐसा करना भारतीय न्याय संहिता के तहत आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता है। पीठ ने कहा कि किसी भी प्रकार की वसूली, टैक्स या शुल्क केवल कानून के तहत ही लिया जा सकता है। बधाई या जजमानी के नाम पर धन वसूलने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है, इसलिए इसे मौलिक अधिकार के रूप में संरक्षित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बिना कानूनी आधार के किसी भी व्यक्ति को धन वसूलने का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

यह निर्णय न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने एक किन्नर रेखा देवी की याचिका खारिज करते हुए पारित किया है। गोंडा के करनैलगंज थाना क्षेत्र की निवासी याची रेखा ने मांग की थी नेग वसूली के लिए उसे जरवल टाउन में कटी का पुल से घाघरा घाट और करनैलगंज में सरयू ब्रिज तक क्षेत्र उसको बधाई नेग मांगने के लिए निर्धारित कर दिया जाये क्योंकि वहां वह पिछले कई वर्षों से नेग मांगती चली आ रही है। उसका कहना था कि चूंकि उसके क्षेत्र में जिले में निवास करने वाले अन्य किन्नर भी नेग मांगने पहुंच जाते हैं जिससे कई बार उनमें गंभीर विवाद की स्थिति बन जाती है।

याची की अधिवक्ता संगीता वर्मा का तर्क था कि चूंकि याची किन्नर विगत कई सालों से उक्त क्षेत्रों में बधाई नेग मांगती चली आ रहीं है जिस कारण उसका परंपरा प्रथागत अधिकार उत्पन्न हो गया है और कोर्ट को उसके इस अधिकार की रक्षा करनी चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि किन्नर समुदाय लंबे समय से ह्यजजमानीह्न परंपरा के तहत शुभ अवसरों पर बधाई वसूलता रहा है और अलग-अलग समूहों के बीच क्षेत्रीय विवाद के कारण हिंसक घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में कोर्ट से क्षेत्र निर्धारित कर सुरक्षा देने की मांग की गई थी।

सुनवायी के बाद कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यदि याची की बात मान ली जाये तो इसका तात्पर्य यह होगा कि बधाई नेग को मान्यता प्राप्त हो जायेगी जबकि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों से संबंधित कानून - ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम 2019 - में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे इस प्रकार की वसूली को वैध ठहराया जा सके। यदि इस तरह की मांग को स्वीकार किया जाता है, तो इससे अवैध वसूली और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है।

## पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने के खिलाफ अवमानना याचिका

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पंचायत चुनाव से पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन अब तक न हो पाने के मामले में एक अवमानना याचिका दाखिल हुई है। इस पर न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया ने जवाब मांगते हुए अगली सुनवायी 19 मई को नियत किया है।

याचिका में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न हो पाने पर अवमानना की कार्यवाही चलाए जाने की मांग की गई है। याचिका में 4 फरवरी 2026 के लखनऊ पीठ के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को भरोसा दिलाया गया था कि पंचायत चुनाव से पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर लिया जाएगा तथा संबंधित कानून के तहत उक्त आयोग के रिपोर्ट के आधार पर ही ओबीसी आरक्षण लागू किया जाएगा किन्तु इसके बावजूद अब तक उक्त आयोग का गठन नहीं किया गया है। कहा गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने जयश्री लक्ष्मण राव पाटील मामले में समर्पित आयोग का गठन कर, उक्त आयोग के सर्वे व रिपोर्ट के आधार पर ही स्थानीय चुनावों में आरक्षण लागू किए जाने का आदेश दिया था।

# ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल 5 को, बन रहा दुर्लभ संयोग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन संकटमोचन हनुमान जी को समर्पित है। वैसे तो सनातन धर्म में साल का हर मंगलवार विशेष होता है, लेकिन ज्येष्ठ मास के मंगलवारों की विशेष महत्व है। इस माह के मंगलवार को 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' के नाम से जाना जाता है।

साल 2026 में तिथियों के संयोग से ज्येष्ठ माह का अधिकमास लगने के कारण बड़ा मंगल का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि इस बार भक्तों को बजरंगबली की आराधना के लिए अतिरिक्त अवसर मिल रहे हैं। साल 2026 का ज्येष्ठ माह धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस साल 'अधिकमास' ज्येष्ठ माह में पड़ रहा है। इस दुर्लभ संयोग की वजह से इस साल 4 के जगह पर कुल 8 बड़े मंगलवार आएंगे। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल 5 मई 2026 को पड़ेगा। यह दिन हनुमान भक्तों के लिए विशेष उत्सव का होगा, जहां से भक्ति के इस महापर्व की शुरूआत होगी और 23 जून 2026 तक निरंतर 8 हफ्तों तक बड़े मंगल की धूम रहेगी। साल 2026 में अधिकमास लगने के कारण 8 बड़े मंगलवार का दुर्लभ संयोग बजरंगबली के भक्तों के लिए एक सुनहरा अवसर की तरह है। ऐसे में जितना हो सके इन दिनों व्रत रखें, मंदिर जाएं या घर पर ही भक्ति भाव से पूजा करें। भोग लगाते समय और पाठ करते समय मन में पूरी श्रद्धा रखें। गरीबों को प्रसाद बांटना और दान करना विशेष पुण्यदायी होगा। 5 मई 2026 को ज्येष्ठ माह के पहला बड़ा मंगल है। इस दिन विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा करें और इस दिन एकदम सात्विक जीवन अपनाएं।

**राम-हनुमान मिलन का साक्षी है ज्येष्ठ मास:** पौराणिक कथाओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह के मंगलवार का आध्यात्मिक महत्व भगवान श्रीराम और हनुमान जी के प्रथम मिलन से जुड़ा है। रामायण काल में, जब प्रभु श्री राम माता सीता की खोज में ऋष्यमूक पर्वत के पास पहुंचे थे, तब हनुमान जी ने एक ब्राह्मण का रूप धरकर उनसे भेंट की थी। वह पावन दिन ज्येष्ठ मास का मंगलवार ही था। इसी दिन से हनुमान जी का जीवन पूर्णतः राम-काज के लिए समर्पित हो गया, इसीलिए भक्त इस दिन को कृतज्ञता के रूप में मनाते हैं।

**क्यों कहा जाता है इसे बुढ़वा मंगल:** 'बड़ा मंगल' को 'बुढ़वा मंगल' कहने के पीछे भी एक रोचक मान्यता है। कहा जाता है कि द्वापर युग में जब भीम को अपनी शक्ति पर अहंकार हो गया था, तब हनुमान जी ने एक वृद्ध वानर का रूप धारण कर भीम के घमण्ड को चूर किया था। वह दिन ज्येष्ठ मास का मंगलवार ही था, जब हनुमान जी ने वृद्ध रूप में दर्शन दिए थे।

**बड़ा मंगल पूजा विधि और लाभ:** इस विशेष दिन पर हनुमान जी को चोला चढ़ाना, सुंदरकांड का पाठ करना और हनुमान चालीसा का जाप करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि ज्येष्ठ के मंगल के दिन बजरंगबली अपने पूर्ण स्वरूप में जागृत होते हैं और भक्तों के बड़े से बड़े संकट को क्षण भर में दूर कर देते हैं। लोग इस दिन बेसन के लड्डू या बूंदी का भोग लगाते हैं और राहगीरों को ठंडा पानी या शरबत पिलाकर पुण्य कमाते हैं। ऐसी श्रद्धा है कि इन आठ मंगलवारों के व्रत और पूजन से मंगल दोष का प्रभाव कम होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

## लखनऊ में बड़े मंगल पर चलेगा स्वच्छता-हरित अभियान

लखनऊ। ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल की परंपरा इस बार नए संदेश के साथ सामने आ रही है। 5 मई से शुरू होने वाले बड़े मंगल पर लगने वाले भंडारों की पहचान सिर्फ धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे प्रदूषण मुक्त, हरित और स्वच्छ बनाने का अभियान भी साथ चलेगा। राजधानी की यही परंपरा उसे देश ही नहीं, दुनिया में अलग पहचान दिलाती है, जहां बड़े मंगल के दिन अधिकांश घरों में भोजन नहीं बनता और लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी कड़ी में संदीप बंसल ने कहा कि इस बार भंडारों की संख्या बढ़ेगी, क्योंकि ज्येष्ठ के दो महीने होने से कुल आठ बड़े मंगल पड़ रहे हैं। लेकिन संख्या से ज्यादा जरूरी गुणवत्ता और स्वच्छता है। उनका कहना है कि अगर सड़क पर एक भी दोना-पत्तल या प्लास्टिक नजर नहीं आएगा, तभी भंडारा सच्चे अर्थों में सफल माना जाएगा।

**भंडारों में श्रमदान करने का फैसला लिया:** मंगलमान अभियान के संयोजक प्रो. रामकुमार तिवारी ने भी शहरवासियों से अपील की कि भंडारा सिर्फ सेवा नहीं, जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आग्रह किया कि लोग भाव के साथ-साथ सफाई का भी पूरा ध्यान रखें। इस बार कई सामाजिक संगठन भी आगे आए हैं, जिन्होंने भंडारों में श्रमदान करने का फैसला लिया है। आयोजकों से साफ कहा गया है कि वे प्लास्टिक के गिलास, प्लेट और चम्मच का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करें। इसके स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाए जाएं, ताकि लखनऊ का यह आयोजन स्वच्छता का भी उदाहरण बन सके।

**2 मई को बैठक व मंगल महोत्सव का आयोजन:** बंसल ने बताया कि करीब एक हजार भंडारा आयोजकों की सूची तैयार है और 2 मई को एक विशेष बैठक व मंगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयोजकों को सम्मानित करने के साथ प्रशासन के सहयोग की जानकारी भी दी जाएगी। इस पहल को और व्यापक बनाने के लिए स्कूल-कॉलेजों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और इस पर शोध कार्य भी कराया जाएगा। उद्देश्य साफ है—भंडारा केवल परंपरा न रहकर एक जागरूक सामाजिक अभियान बने, जिससे लखनऊ की पहचान और मजबूत हो।

## विशेष संयोग के साथ 2 मई से शुरू होगा ज्येष्ठ का महीना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन धर्म में ज्येष्ठ मास को अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक उन्नति का विशेष समय माना गया है। यह महीना साधना, दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष ज्येष्ठ मास 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगा। ज्येष्ठ हिंदू कैलेंडर का तीसरा महीना होता है और इसका संबंध मंगल ग्रह से माना गया है। मान्यता है कि इस महीने की पूर्णिमा तिथि पर ज्येष्ठा नक्षत्र का विशेष संयोग बनता है, जिसके कारण इसे ज्येष्ठ मास कहा जाता है। शास्त्रों में इस अवधि को विशेष रूप से पुण्य अर्जन और आध्यात्मिक कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी बताया गया है।

**सूर्य देव से जुड़े उपाय:** सरकारी कार्यों में सफलता के लिए घर के बुजुर्गों का आशीर्वाद लें और ॐ घृणिः सूर्याय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। मानसिक शांति के लिए सूर्य देव को जल अर्पित करते समय गायत्री मंत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ करें। जीवन में सुख-समृद्धि के लिए सूर्य देव का व्रत करें और कनेर के पौधे या उसकी तस्वीर की पूजा करें। मनोकामना पूर्ति के लिए मां दुर्गा के अर्गला स्तोत्र का पाठ करें और नियमित रूप से इसका अभ्यास करें।

किसी को आकर्षित करने के लिए लाल कनेर के पौधे का स्मरण करते हुए विशेष मंत्र का 101 बार जाप करें। करियर में पिता के सहयोग के लिए सूर्य देव के सामने खड़े होकर पिता का ध्यान करते हुए मंत्र का जाप करें। घर-परिवार में सुख-शांति के लिए जल में लाल कनेर का फूल डालकर सूर्य देव को अर्पित करें। व्यापार में सफलता के लिए भगवान को मीठी रोटी या पूरी का भोग लगाएं और उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सूर्य देव को जल अर्पित करें और गुड़ का भोग लगाएं। ऊर्जा और आत्मबल बढ़ाने के लिए ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। दांपत्य जीवन में सम्मान और मधुरता के लिए कनेर के पौधे की तस्वीर पर लाल कपड़ा और मौली अर्पित करें। जीवन में उन्नति के लिए देवी लक्ष्मी को केसर का तिलक लगाकर खीर का भोग अर्पित करें और प्रसाद बांटें।

**ज्येष्ठ माह में क्या करें:** इस महीने जल सेवा करना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है, जैसे प्याऊ लगवाना, घड़े का दान करना या राहगीरों को शरबत पिलाना। दिन में एक समय भोजन करने की परंपरा अपनाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। सत्तू, तिल, पंखा और छाता जैसी गर्मी से राहत देने वाली वस्तुओं का दान करना भगवान विष्णु को प्रिय माना गया है। सूर्योदय से पहले उठकर वरुण देव का ध्यान करते हुए स्नान करने से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

**ज्येष्ठ माह में क्या न करें:** ज्येष्ठ मास में दिन के समय सोने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे आलस्य, रोग और नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकते हैं। बैंगन का सेवन इस अवधि में वर्जित माना गया है, क्योंकि यह शरीर में वात दोष बढ़ा सकता है। जल का अनावश्यक अपव्यय नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसे वरुण देव का अपमान माना जाता है और घर की समृद्धि पर असर पड़ सकता है। अधिक मसालेदार, भारी और तामसिक भोजन से बचना चाहिए, ताकि शरीर और पाचन तंत्र स्वस्थ बना रहे।

# सुख-समृद्धि का प्रतीक नरसिंह जयंती कल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नरसिंह जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु के भगवान नृसिंह अवतार की पूजा करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान नरसिंह की पूजा से करने से व्यक्ति को शत्रुओं पर विजय, मुकदमों में सफलता, बुरी नजर से सुरक्षा और डर से मुक्ति मिलती है, साथ ही भगवान नरसिंह भक्तों की रक्षा करते हैं, नकारात्मक ऊर्जा और तंत्र-मंत्र को नष्ट करते हैं। इसके साथ ही सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। इसी कड़ी में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस साल नृसिंह जयंती कब मनाई जाएगी। हिन्दू पंचांग के अनुसार वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 29 अप्रैल को शाम 7 बजकर 51 मिनट पर होगी, वहीं, इस तिथि का समापन अलगे दिन यानी 30 अप्रैल को रात में 9 बजकर 12 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि को देखते हुए नरसिंह जयंती का पर्व 30 अप्रैल 2026, दिन गुरुवार को रखा जाएगा।

**पूजा का शुभ मुहूर्त:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नरसिंह जयंती की पूजा सायंकाल में करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में 30 अप्रैल को पूजा का मुहूर्त शाम को 4 बजकर 17 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 56 मिनट तक रहेगा, सभी भक्त इस अवधि में भगवान नृसिंह की पूजा कर सकते हैं।

**नरसिंह जयंती की पूजा विधि :** नरसिंह जयंती पर पूजा के स्थान को अच्छी तरह साफ करें। इसके बाद चौकी पर भगवान नृसिंह की प्रतिमा रखें। फिर नरसिंह भगवान के समक्ष दीपक जलाएं। भगवान के मंत्रों का जाप करें और भोग लगाकर पूजा का समापन करें।

## पवन सिंह का नया गाना रिलीज होते ही छाया

लखनऊ। भोजपुरी संगीत जगत के पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर अपने नए धमाकेदार गाने छिल देबू का के साथ चर्चा में हैं। गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया और यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो गया है और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। इस गाने में पवन सिंह के साथ गायिका खुशी कक्कर की आवाज ने खास रंग भरा है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। गाने को लेकर पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने हमेशा दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर गाने गाए हैं और यह गाना भी उसी कड़ी का हिस्सा है। उनके अनुसार, 'छिल देबू का' एक ऐसा ट्रैक है जिसमें एनर्जी, रोमांस और मनोरंजन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। पवन सिंह ने बताया कि इस गाने की खास बात इसकी धुन और बोल हैं, जो सीधे लोगों के दिल तक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कोई गाना बनाते हैं तो कोशिश रहती है कि उसमें भोजपुरी संस्कृति की झलक हो और दर्शकों को नया अनुभव मिले। इस गाने में खुशी कक्कड़ की आवाज ने भी चार चांद लगा दिए हैं, जिससे गाना और भी आकर्षक बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया और यूट्यूब पर दर्शकों की प्रतिक्रिया बहुत मायने रखती है।


## कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

**पत्रांकः 61/ न.पं. बं.-नि.सू./2026-27** **दिनांक : 27.4.2026**

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बंकी द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर क्षेत्र बंकी में स्वच्छता से सम्बन्धित वाल पेन्टिंग, चित्रकारी एंव वाल राइटिंग कार्य हेतु दिनाँक 04-05-2026 को मुहरबन्द निविदा अपराह्न 3.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बंकी में रखे निविदा बाक्श में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें उसी दिन सॉय 4.00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनॉक 02-05-2026 को 10.30 बजे पूर्वान्ह से 2.00 बजे अपरान्ह तक निर्धारित मूल्य जमा करके कार्यालय नगर पंचायत बंकी बाराबंकी से क्रय की जा सकती है। निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत बंकी सीमान्तर्गत सार्वजनिक भवनों की दीवारों/मुख्य चौराहों/दीवारों पर वाल पेन्टिंग, चित्रकारी एंव वाल राइटिंग कार्य। | 1000.00 | 10,000.00 |

**नियम व शर्ते**

01. कार्य की जमानत धनराशि खाता का नाम-नगर पंचायत बंकी जमानत धनराशि, बैंक का नाम-भारतीय स्टेट बैंक के खाता सं.-39277986666 तथा IFSC कोड-SBIN0015680 शाखा-बड़ेल, बाराबंकी में RTGS/NEFT/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से अथवा एफडीआर/टीडीआर जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी के पदनाम से बंधक हो जिसे संलग्न करना अनिवार्य होगा।
02. निविदा स्वीकृत होने पर 03 दिवस के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबंध सम्पादित करना होगा, सम्बंधित फर्म ठेकेदार द्वारा समयान्तर्गत अनुबन्ध पत्र की औपचारिकताएं पूर्ण नही कराई जाती है तो निविदा की नियम/शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
03. निविदादाताओं को अनिवार्य रूप से जी.एस.टी. प्रमाणपत्र, इत्यादि लगाना अनिवार्य होगा।
04. प्रश्नगत कार्य से सम्बन्धित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
05. निविदा के समस्त में माँगे गये समस्त प्रपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति तथा निविदा एवं जमानत धनराशि के सम्बन्ध में जमा पर्ची/एफ.डी.आर. की मूलप्रति/रशीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
06. अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी निविदा तथा अस्पष्ट/अपठनीय प्रतियाँ स्वीकार नहीं की जायेगी ।
07. निविदा दाता द्वारा डाली गई निविदा में संलग्न दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की जाँच विभागीय स्तर पर की जाएगी, यदि दस्तावेज गलत पाए जाते हैं तो निविदा पर विचार नही किया जाएगा।
08. निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निविदा कमेटी/अधोहस्ताक्षरी को होगा, ऐसी दशा में ठेकेदार को आपत्ति दाखिल करने एवं निविदा मूल्य वापस मांगने का कोई अधिकार नही होगा।
09. निविदा के सम्बंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर सक्षम अधिकारी/ निविदा कमेटी का निर्णय अन्तिम होगा।
10. ठेकेदार/फर्मो को इस आशय का शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा कि मेरा कोई निकट सम्बन्धी/रिश्तेदार नगर पंचातय बंकी में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के पद पर कार्यरत सेवा में नही है तथा निकाय के निर्वाचित अध्यक्ष/सदस्य का निकट सम्बन्धी अथवा रिश्तेदार नही है।
11. यदि किन्ही कारणों से निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगले कार्य दिवस को मानी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी**


# लखनऊ चिड़ियाघर में गर्मी से परेशान वन्य जीव बाड़े में कैद

- गर्मी से बचाने बचाव के लिए वन्य जीवों के बाड़े में लगाये कूलर व स्प्रिंकलर
- वन्य जीवों के खाने में मौसमी फल और सब्जियां शामिल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। भीषण गर्मी से इंसान ही नहीं वन्य जीव भी खासे परेशान हैं। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान के बब्बर शेर, टाइगर, बारासिंघा, चिम्पान्जी व व्हाइट टाइगर समेत अन्य वन्य जीव गर्मी में बाड़े से बाहर नहीं निकल रहे हैं। सुबह व शाम बाड़े से बाहर निकल रहे हैं। दिन में तेज धूप होते ही बाड़े में कैद हो जा रहे हैं।

बच्चे व अन्य दर्शक वन्य जीवों को न देखने से मायूस हैं। बच्चे बाड़े के बाहर वन्य जीवों को बाहर आने के लिए शोर शराबा भी कर रहे हैं लेकिन वन्य जीवों पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां होने की वजह से प्राणि उद्यान में भारी संख्या में बच्चे अभिभावकों के साथ आ रहे हैं। शनिवार को करीब साढ़े तीन हजार दर्शक पहुंचे। इनमें करीब 50 फीसदी बच्चे थे। शेर, टाइगर आदि वन्य जीवों के बाहर दर्शक काफी देर तक खड़े रहे लेकिन यह बाड़े से बाहर नहीं निकले। काफी इंतजार के बाद इन्हें बिना देखा चले गए। बच्चों ने हिरन, सारस, नीले-पीले मकाउ, मोर आदि वन्य जीवों के साथ समय बिताया। साथ ही बाल ट्रेन, झूले आदि का आनंद लेकर चले गए।

**बाड़ों में लगे कूलर:** प्राणि उद्यान की निदेशक ने बताया कि वन्य जीवों को तेज धूप और लू से बचाने के लिए कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए है। इन बाड़ों में कूलर चलाने के साथ ही पानी के फौव्वारों से वन्य जीवों को गर्मी से राहत दी जा रही है।

पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही मौसमी फल और हरी सब्जियां परोसी जा रही हैं। बब्बर शेर, टाइगर, सांप घर, काला हिरण, हींग डियर, बारासिंघा, लॉयन टेल मंकी, चिम्पान्जी, व्हाइट टाइगर, मछलीघर, उल्लू घर, अन्य वन्य जीव के बाड़े में कूलर लगाए गए हैं। बाड़े में पानी की फुहार के लिए स्प्रिंकलर लगाये गये हैं। स्प्रिंकलर सुबह 11 से शाम चार बजे के बीच रोटेशन के आधार पर चलाए जा रहे हैं। टाइगर एवं व्हाइट टाइगर, हिमालयन भालू के बाड़ों में हौद बनाकर पानी भरा गया है। गमी और लू के थपेड़ों से बचाने के लिए बाड़ों में विशेषकर पक्षी बाड़ों में साइड में चटाई शीट लगायी गयी है।

## गुरु वह दीपक है, जो स्वयं जलकर शिष्य के जीवन को प्रकाशमान करता है : डॉ. लीना मिश्र



**लखनऊ।** गुरुवंदन-छात्राभिनंदन भारतीय शिक्षा-संस्कृति की उस गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, जिसमें गुरु और शिष्य के संबंध को केवल ज्ञान के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं माना जाता, बल्कि उसे संस्कार, सम्मान और व्यक्तित्व-निर्माण का आधार समझा जाता है। गुरु वह दीपक है, जो स्वयं जलकर शिष्य के जीवन को प्रकाशमान करता है। वह केवल पाठ्यज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिशा भी प्रदान करता है। वहीं छात्र समाज और राष्ट्र के भविष्य का संवाहक होता है, जिसकी प्रतिभा, अनुशासन और संवेदनशीलता आने वाले समय की संरचना निर्धारित करती है। गुरुवंदन गुरु के प्रति कृतज्ञता, श्रद्धा और सम्मान की अभिव्यक्ति है, जबकि छात्राभिनंदन विद्यार्थियों की उपलब्धियों, संभावनाओं और प्रयासों का अभिनंदन है। यह आयोजन शिक्षा को केवल परीक्षा और परिणाम तक सीमित न रखकर उसे मानवीय मूल्यों, प्रेरणा और परस्पर आदर के उत्सव में रूपांतरित करता है। वास्तव में, जहाँ गुरु का आशीर्वाद और छात्र का समर्पण एक साथ उपस्थित होते हैं, वहीं सच्चे अर्थों में शिक्षा का मंदिर जीवंत होता है।

इसी भावभूमि पर आज बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज, मोती नगर, लखनऊ में भारत विकास परिषद, महिला शाखा, चौक द्वारा गुरुवंदन-छात्राभिनंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. लीना मिश्र ने भारत विकास परिषद महिला शाखा, चौक की संरक्षक सुश्री कंचन अग्रवाल, अध्यक्ष श्रीमती अलका अग्रवाल तथा सचिव श्रीमती प्रीति अग्रवाल का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत किया।

## मानस एवं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर स्थापना दिवस पर हुआ सामूहिक सुंदरकांड पाठ



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अयोध्या धाम मार्ग डालीगंज स्थित मानस एवं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर स्थापना दिवस कार्यक्रम बड़े हर्षौल्लास के मनाया गया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, कमेटी अध्यक्ष एवं भाजपा महानगर महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल के साथ कमेटी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की शुरूआत श्री राम दरबार, द्वादश ज्योतिर्लिंग की आरती कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाओं ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ कर किया वही भजन गायक राकेश लखखा ने अपने भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। आय हुआ सभी भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर महामंत्री राम शंकर जायसवाल, सुरेश श्रीवास्तव, अनुराग साहू, अलिकेश कसेरा, आशीष प्रकाश श्रीवास्तव, शिव कुमार वर्मा, राजेश त्रिपाठी, मोनू निगम, भूलने मिश्रा कामता प्रसाद जायसवाल, मुरली मनोहर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

संक्षेप

## तीन दिन से लापता युवक की नदी में मिली लाश

मीरजापुर। ज़िले में पुलिस की कानून व्यवस्था को लगातार चुनौती देते हुए दबंग, बदमाश और अपराधी अपराधों को अंजाम देते हुए जिले में भय व दहशतगर्दी का आलम पैदा कर रहे हैं। पिछले दिनों नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े अधिवक्ता एवं प्रधान पति की हत्या की घटना को अभी लोग भूल भी नहीं पाये थे कि जिले के विन्ध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्णावती नदी के किनारे एक 19 वर्षीय युवक की लाश नदी में मिलने से सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि युवक को अगवा कर उसकी हत्या कर शव छिपाने के लिए हत्यारों ने ऐसी साज़िश रची की लोगों की रुह कांप जा रही है। पूरा मामला विन्ध्याचल थाना के कठवैया गांव का बताया गया है। क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को विंध्याचल थाना क्षेत्रांतर्गत राजकीय आईटीआई गैपुरा के पास कर्णावती नदी के किनारे एक शव होने की सूचना मिली। सूचना पर थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच कि गयी तो मृतक की पहचान राहुल उर्फ छोटू पुत्र ललित प्रजापति 19 वर्ष निवासी कठवैया कलां थाना विंध्याचल, मीरजापुर के रूप में हुई। शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई है। बताया जा रहा है कि युवक पिछले तीन दिनों से लापता था इस सम्बन्ध में 25 अप्रैल 26 को गुमशुदगी की रिपोर्ट विंध्याचल कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। परिजनों के मुताबिक बेटे की तलाश में वह दर-दर भटकते फिरते रहे हैं मीरजापुर से लेकर मेजा प्रयागराज तक खोजबीन कर चुके हैं। आशंका जताई है कि उनके बेटे का अपहरण कर फिर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।

## महिला ने एक पक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप

मीरजापुर। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवा रही गरीब महिला ने विपक्षियों पर मकान के निर्माण में बेवजह अड़चन डाल पुलिस के सह पर मारपीट एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता कंचन देवी पत्नी नंदलाल निवासी ग्राम तेंदुआ खुर्द, लालगंज ने बताया है कि उनके पास वन अधिकार कानून 2006 के तहत वैध आबादी पट्टा है। वन विभाग व हल्का लेखपाल द्वारा जमीन की 2 बार पैमाइश हो चुकी है, जिसमें उन्होंने अपने पट्टे की सीमा में ही निर्माण कराती पाई गई हैं, बावजूद इसके वन विभाग की जमीन बताकर मामले को दबाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार पर ही पुलिस ने बीएनएस धारा 126/135 के तहत शांति भंग की कार्रवाई कर दी है। जबकि आरोपी को क्लीन चिट दे दी गई है। आरोप है कि विपक्षीगण अनिल, सूरज, दीपक, विनोद, शशिकांत के कहने पर पुलिस ने यह एकतरफा कार्रवाई की।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के नौगवां ग्राम पंचायत के अमहा गांव में मंगलवार सुबह कच्चे मकान के बंडेर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवती ने जान दे दी। अमहा गांव निवासी स्वर्गीय सुखराज कोल की 20 वर्षीया पुत्री सुमन अपने कच्चे मकान के बंडेर में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसआई विनोद कुमार सिंह ने बताया कि युवती ने प्लास्टिक की रस्सी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। युवती के माता पिता की मौत हो चुकी है। युवती के चाचा देवनारायण देखभाल करते थे। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि मृतका के चाचा की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की जांच की जा रही है।

## जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने निर्माणाधीन जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सभी सामग्रियां उच्च गुणवत्ता की हों, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाए जिससे समय से कार्य पूर्ण किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि 01 मई को श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का सम्मान किया जाए।

# मई तक हर घर में सुनिश्चित हो पेयजल आपूर्ति



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ एवं शिकायतमुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर नल जल योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जहां कहीं भी पेयजल आपूर्ति में समस्या हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी भीषण गर्मी एवं मई माह को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध, नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, पेयजल आपूर्ति केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक घर तक वास्तविक रूप से पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी माध्यम से पेयजल आपूर्ति में लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी हर घर नल योजना के अन्तर्गत जिन 364 राजस्व गांवों में पेयजल की आपूर्ति हेतु जल जीवन मिशन द्वारा सुची उपलब्ध करायी गयी है उन सभी राजस्व गावों में हर घर नल जल योजना के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये यदि किसी प्रकार की समस्या होतो उसका निराकरण 10 दिवस के अन्दर निराकरण कर लिया जाये, निराकरण न किये जाने के स्थिति में सम्बन्धित दोषि के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही की जायेगी, 364 राजस्व गावों में हर घर नल जल योजना के माध्यम से जल आपूर्ति किये जाने की सूची प्राप्त हुई है, उन राजस्व गांवों टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति न की जाये, यदि टैंकर के माध्यम स्थिति उत्पन्न होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली के कार्य में लायें तेजीः डीएम

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, जिलाधिकारी ने मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लाया जाये, जिससे राजस्व वसूली के प्रगति में तेजी लाया जा सकें, इस कार्य में शिथिलता न बरती जायें, लक्ष्य पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाये।

उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें, इसका भी ध्यान दिया जाये। बैठक के दौरान उन्होने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि ओवर लोड़िग वाहनों पर कार्यवाही करते हुए जो वाहन जिस खनिज का ओवर लोडिंग करते पकड़े जाते है उस खनिज से सम्बन्धि खदानध्परमिट जारी कर्ता पर भी कार्यवाही की जाये। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बिकने वाले खाद्य सामग्री की जॉच कराते रहें, ताकि किसी प्रकार प्रकार की मिलावटी की स्थिति न आने पायें, इसके लिए छापेमारी की कार्यवाही में तेजी लाया जायें और जो भी शासन द्वारा मानक व फामूर्ला निर्धारित किया गया है, उसका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगें।

बैठक में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, कलेक्ट्रेट ओ0सी0, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, सदर तहसीलदार अमित कुमार, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## कई विभागों की ग्रेडिंग व रैंकिंग के आधार पर हुई मण्डलीय समीक्षा



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों के ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि योजनान्तर्गत तीनों जनपदों में अधिक से अधिक आवेदन करायें तथा लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों से समन्वय कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कर रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उन्होने कहा कि जो भी आवेदन निरस्त किया जाए, उसका कारण भी स्पष्ट करें, यदि कोई भी आवेदन बिना किसी कारण के निरस्त किया हुआ पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने कहा कि छोटी-मोटी कमियों को दूर करते हुए लोगों को योजना का लाभ दिया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आजमगढ़ की प्रगति सबसे कम पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने सीएमओ को निर्देश दिया कि नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति बढ़ायें एवं शत प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि एफएचटीसी की प्रगति बढ़ाते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत हर घर को नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होने कहा कि 90 प्रतिशत से ऊपर पूर्ण हो चुके कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराते हुए परियोजना को चालू करायें। उन्होने कहा कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता, मिड डे मील की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि पेंशन के लम्बित आवेदनों को संबंधित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करायें। उन्होने कहा कि आईजीआरएस पर सबसे ज्यादा शिकायत आने वाले ग्रामों में एडीओ समाज कल्याण को भेजकर प्रकरण का निस्तारण करायें। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर के खराब होने की शिकायत प्राप्त होते ही यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्रवाई की जाए एवं आवश्यकतानुसार ट्रांसफार्मरों के क्षमता में वृद्धि भी की जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने जेडी कृषि को निर्देश दिया कि किसानों द्वारा किए गए दावों के सापेक्ष निर्धारित अवधि में अधिक से अधिक किसानों को नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पीएम कुसुम की समीक्षा में निर्देश दिया गया कि सोलर संयंत्र स्थापित करने हेतु किये गये आवेदन के सापेक्ष संयंत्र स्थापित करते हुए लक्ष्य को पूरा करें एवं लगे हुए संयंत्र का सत्यापन भी करायें। एंबुलेंस 108 व 102 की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को कम कर लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जाए।

## गंदगी का अंबार, ग्रामीणों में रोष



जौनपुर। विकासखंड बक्सा के अंतर्गत उटरू खुर्द गाँव में विकास कार्यों की पोल खुलती नजर आ रही है। यहाँ पिछले 3-4 महीनों से खुली पड़ी नालियाँ और जलजमाव की समस्या ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। गाँव के निवासी सनी कुमार गुप्ता, राधेश्याम सेठ, पूर्व ब्लाक प्रमुख बक्सा सुल्तान ,शब्बीर अहमद, रामलाल प्रजापति, लोटन राम प्रजापति , कृपाशंकर यादव, रामकुमार निगम, कुलदीप निगम, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद तारिक, बुल्ले, रहीम, सद्दाम, पंकज सहित बुजुर्गों का कहना है कि नालियों का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे गाँव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है ।ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कागजों पर कई बार नाली निर्माण के लिए पैसा निकाला जा चुका है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। खंड विकास अधिकारी को तीन-चार बार लिखित आवेदन देने के बावजूद केवल श्आश्वासनश ही मिला है। तीन महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है पंचायत सचिव गाँव की समस्याओं को देखने तक नहीं आते। सड़कों पर फैले कीचड़ और गंदगी के कारण आने-जाने वाले लोगों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोग इस खुली नाली में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। आने वाले शादियों के सीजन में बारात और मेहमानों के आने-जाने के लिए भी यह रास्ता अवरुद्ध है।

## गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई कर लगायें अंकुशः मण्डलायुक्त

आजमगढ। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में मण्डलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने कहा कि मण्डल में संचालित अवैध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तों के ऊपर गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही की जाए। मण्डलायुक्त ने तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि आगामी त्योहारों एवं आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जाएं। उन्होने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर जनपद में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि विगत त्योहार महावीर जयंती, गुड फ्राइडे, अम्बेडकर जयंती, हनुमान जयंती, परशुराम जयंती व होमगार्ड भर्ती परीक्षा आदि को पुलिस एवं प्रशासन के समन्वय से पूरी संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न कराया गया है। इसी प्रकार आगामी त्योहारों एवं प्रस्तावित प्रतियोगी परीक्षाओं को भी सकुशल सम्पन्न कराया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ रविन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मऊ प्रवीण मिश्रा, जिलाधिकारी बलिया मंगला प्रसाद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर, पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह, अभियोजन अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में दो की मौत,मातम में बदली खुशियां

**● बस में सवार एक किशोर का खंभे में सर टकराने व दूसरे किशोर के ऊपर डीजे साउंड बॉक्स गिरने से हुआ हादसा**

बीजपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई दो दर्दनाक घटना में दो किशोरों की मौत से खुशियां मातम में बदल गई, परिजनों में कोहराम मच गया ।पहली घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महरिकला के टोला मेझरोट से परिजन सोमवार की रात तिलक चढ़ाने शक्तिनगर जा रहें थे इसी दरमियान पड़ोस का लड़का ऋषिवा प्रसाद पुत्र विष्णुकांत गुप्ता उम्र 13 वर्ष भी बस से सवार होकर तिलक चढ़ाने जा रहा था।

परिजनों के अनुसार ऋषिवा बस पर दाहिनें तरफ चालक के साईड बस में सर खिड़की तरफ बाहर कर के पीछे बैठा था। जैसे बस चली कुछ दूरी पर पोल और बस की खिड़की के बीच टक्कर होने से उसका सर खंभे से टकराकर लहूलुहान हो गया सर पर गम्भीर चोट लगने से लथपथ किशोर को परिजन बभनी अस्पताल पहुंचे जहा मौजूद डाक्टर परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिए। मौत की खबर सुन परिजनों में मातम पसर गया ।मंगलवार की सुबह बभनी पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई कर अंत्यपरीक्षण हेतु दुद्धी सी एच सी भेज दिया ।वहीं दूसरी घटना ग्राम पंचायत जरहा के टोला अम्माडाँड़ में सोमवार की रात गांव में बारात में एक हृदयविदारक घटना घटने से परिजनो पर दुखो का पहाड टूट पड़ा। बारात में झालर लाईट डीजे के धुन पर लोग नाच गा रहें थे। इसी दौरान पिकप पर बज रहे डीजे का भारी-भरकम साउंड बॉक्स नीचे गिरने पर एक किशोर की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार छोटू पुत्र जमालू उम्र 13 वर्ष निवासी निवासी जरहा के टोला अम्माडाड़ डीजे के पास नाच रहा था। इसी दौरान पिकप पर लोड कर बांधे गए डीजे का रस्सी टूटने या खुलने से डीजे का साउंड बाक्स किशोर के ऊपर गिर गया। जिसके चपेट में आने से किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद शादी समारोह की खुशियां गम में बदल गई और चीख-पुकार मच गया। ?मंगलवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली की बज रहें डीजे साउंड बाक्स की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचें प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई में जुट गए।

## डीएम ने बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण, फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कर की समीक्षा



जिला संवाददाता

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्यस्थल पर पहुंचाने के लिए साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिए मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था, बाढ़ निरोधक कार्यों की सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पीएसी, पुलिस या होमगार्डस द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध, शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहां रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो, वहां बिजली का उचित प्रबन्ध, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, डीजल और बिजली इत्यादि की समुचित व्यवस्था, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागों, संस्थानों के समन्वय कर व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्रों में पर्याप्त नाव की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वर्षा से पूर्व सभी के टीकाकरण शत प्रतिशत पशुओं को लगवाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस सहित सभी व्यवस्थाए कराना सुनिश्चित करेंगे। लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन रास्तो पर जलभराव हो जाता है उन रास्तों पर आवागमन के लिए पुलिया, सड़क की मरम्मतीकरण कराना सुनिश्चित करें। टेण्डर आदि के बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते करा लिया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गेहूं का भुगतान न मिलने से किसान परेशान

जौनपुर। केराकत ब्लॉक क्षेत्र के अनेक गेहूं क्रय केंद्रों पर प्रभारियों की मनमानी से किसान परेशान हैं। शिकायत है कि गेहूं बेचने के दो सप्ताह बाद भी समर्थन मूल्य का भुगतान नहीं मिल रहा है। जिससे उनमें गहरा रोष है। शासन के निदेर्शानुसार गेहूं बिक्री के 48 घंटे के भीतर किसानों के खाते में समर्थन मूल्य का भुगतान किया जाना अनिवार्य है, परंतु धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दर्जनों किसानों को उनके गेहूं का एक भी रुपया नहीं मिला है लगन के सीजन में घरेलू खर्च बढ़े हुए हैं, साथ ही खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारी के लिए खेतों की जुताई और बीज-खाद का प्रबंध भी करना है। ऐसे में भुगतान की लेटलतीफी उनकी समूची योजनाओं पर पानी फेर रही है। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि क्रय केंद्रों पर न केवल खरीद में मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है, बल्कि भुगतान के लिए बार-बार चक्कर काटने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों ने जिलाधिकारी से यथाशीघ्र भुगतान कराने की गुहार लगाई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार कमीशन उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी दीपनारायण सिंह ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए कहा है कि यदि किसानों का शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत करेंगे।

## बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष आज पहुंचेंगे विंध्याचल धाम

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अध्यक्ष पद संभालने के बाद पहली बार मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन-पूजन के लिए विंध्याचल धाम पहुंच रहे हैं। वे बुधवार, 29 अप्रैल 2026 को यहां आएंगे तथा विधि पूर्वक दर्शन पूजन करेंगे। वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन पूजन के साथ मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के काशी में दो दिवसीय कार्यक्रम के बाद बुधवार को बीजेपी राष्ट्रीय विख्यात देवी धाम विंध्याचल मंदिर पहुंचेंगे। बीजेपी प्रमुख के आगमन को देखते हुए अंदर ही अंदर पुलिस प्रशासन से लेकर पार्टी के स्थानीय लोग तैयारियों में लगे हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने की खातिर तैयारी मंगलवार से ही होती रही है। बताते चलें कि नितिन नबीन इससे पहले विधायक पद पर रहते हुए कई बार मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन-पूजन कर चुके हैं। 45 वर्षीय नितिन नबीन भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वे बिहार से पांच बार विधायक रह चुके है और पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इस दौरे को लेकर विंध्याचल धाम में तैयारियां जोरों पर हैं।

## युवक का शव बरामद होने से सनसनी

आजमगढ़। जनपद के थाना तहबरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नसरुद्दीनपुर में 22 वर्षीय गुमशुदा युवक का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन तथा क्षेत्राधिकारी बुढ़नपुर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाने का प्रयास किया। मामले की जांच के लिए एसओजी टीम और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने मौके से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में युवक के गले पर कटने के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है और हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। युवक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल व्याप्त है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि युवक कुछ समय से लापता था और अब उसका शव बरामद हुआ है। गले पर कट के निशान मिलने के बाद सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जालसाज गिरफ्तार, पासपोर्ट आधार कार्ड और नकदी जब्त

आजमगढ़। जीयनपुर थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के सहारे विदेश जाने के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त ने वर्ष 2017 में अपना वास्तविक नाम-पता और आपराधिक मुकदमा छिपाकर फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाया था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब नौशहरा निवासी तबस्सुम ने थाना जीयनपुर में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 190 वर्ष 2026 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादंवि तथा 12(1)(इ) पासपोर्ट अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बेरमा गेट के पास से अभियुक्त नेहाल हासिम (41 वर्ष) निवासी चकसिकठी इस्लामपुरा, थाना मुबारकपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक भारतीय पासपोर्ट, एक आधार कार्ड और 200 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मानित



जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, भदेवरा में छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और पुष्पमाला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह सम्मान उन विद्यार्थियों को दिया गया जिन्होंने अपनी परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त किए थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आजाद शिशु शिक्षा निकेतन, आजाद नगर के प्रधानाध्यापक विवेक कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विद्यालय के शिक्षकगण- प्रवीण, संजीव, चैरसिया, पल्लू, नीलेश, रविकांत, धर्मेंद्र, श्रीमती कविता और किरन सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को बढ़ाना था, ताकि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें।

## विश्वविद्यालय में पुस्तकों की खरीद में 33 करोड़ की धांधली

जौनपुर । पूर्वांचल विश्वविद्यालय एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। वर्ष 2017 से 2022 के बीच पुस्तकों की खरीद में करीब 33 करोड़ 29 लाख रुपये की धांधली का मामला सामने आया है। इस गंभीर मामले पर राजभवन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से नौ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है ।यह मामला स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक खरीद को लेकर मिली शिकायत के बाद उजागर हुआ। शिकायतकर्ता उद्देश्य सिंह ने राजभवन और कुलपति को पत्र भेजा था, जिसके आधार पर विश्वविद्यालय ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कई महत्वपूर्ण खामियां सामने आईं ।जांच में पाया गया कि पुस्तक खरीद के दौरान न तो निर्धारित टेंडर प्रक्रिया का पालन किया गया और न ही अधिक छूट प्राप्त करने के लिए कोई प्रतिस्पर्धी प्रयास हुआ। विश्वविद्यालय ने स्वयं स्वीकार किया कि 10 प्रतिशत से अधिक छूट हासिल करने के लिए कोई पहल नहीं की गई। पुस्तकालय समिति की बैठकों में भी इस संबंध में कोई प्रस्ताव दर्ज नहीं मिला। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि करोड़ों रुपये की खरीद से पहले वित्त समिति और कार्य परिषद से बजट प्रस्ताव पारित नहीं कराया गया। कई मामलों में तो वित्त समिति को इस बड़े खर्च की जानकारी तक नहीं थी ।जानकारी के अनुसार, खरीदी गई पुस्तकों का न तो उचित रिकॉर्ड तैयार किया गया और न ही उनकी बारकोडिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। नियमानुसार, पुस्तकों को सॉफ्टवेयर में दर्ज करना अनिवार्य होता है, जिसका पालन भी नहीं किया गया। कोविड-19 महामारी के दौरान विश्वविद्यालय बंद रहने के बावजूद बड़ी संख्या में किताबें खरीदी गईं। जांच में यह भी सामने आया कि कई पुस्तकें बिना आवश्यकता के खरीदी गईं और उनकी उपयोगिता का आकलन नहीं किया गया, जिससे विद्यार्थियों को उनका लाभ नहीं मिल सका। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट में इन सभी खामियों को स्वीकार किया है। अब विश्वविद्यालय सभी बिंदुओं पर जवाब तैयार कर राजभवन को भेजने की प्रक्रिया में है। इस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई राजभवन के निदेर्शों पर निर्भर करेगी। मामले की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वंदना सिंह ने बताया कि इस तरह का मामला सामने आया है राज भवन से रिपोर्ट मांगी है और जिस पर आरोप लगा है उनसे भी स्पस्टीकरण मांगा गया है। मामले की जांच की जा रही है रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

## मनमानी तरीके से बिक रही है ताड़ी बन सकती है जानलेवा



जौनपुर। मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में ताड़ी बिक्री को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। नियमानुसार जहां केवल लाइसेंस प्राप्त दुकान से ही ताड़ी की बिक्री की अनुमति है, वहीं क्षेत्र में इसके विपरीत कई स्थानों पर खुलेआम ताड़ी बिकने की शिकायतें मिल रही हैं। मड़ियाहूं कस्बे में ताड़ी की केवल एक सरकारी लाइसेंसधारी दुकान संचालित है। इसके बावजूद कस्बे में दो अन्य स्थानों पर भी अवैध रूप से ताड़ी बेचे जाने की बात कही जा रही है। इस स्थिति ने न केवल नियमों के पालन पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि संबंधित विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी संदेह पैदा कर दिया है। इतना ही नहीं, इन अवैध दुकानों पर बेची जा रही ताड़ी की गुणवत्ता को लेकर भी लोगों में चिंता है। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना मानक जांच के बेची जा रही ताड़ी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। लगातार मिल रही शिकायतों ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

# आप आदमी पार्टी में टूट

आम आदमी पार्टी का संकट जितना दिख रहा है, उससे कहीं अधिक बड़ा है। दरअसल पार्टी कार्यकर्ता, नेता और सांसद -विधायक किसी खास विचारधारा से बंधे तो हैं नहीं। ज्यादातर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के कारण जुड़े थे। इसलिए जब आम आदमी पार्टी की छवि भी बहुत साफ-सुथरी नहीं बची है, तो ऐसे लोग पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। इसलिए मजबूत ठौर की तलाश में हैं। वैसे भी आम आदमी पार्टी के ज्यादातर नेता और कार्यकर्ता वैचारिक रूप से आम आदमी के बजाय भाजपा के ज्यादा करीब हैं। इसलिए आप से निकलने के बाद भाजपा उनकी स्वाभाविक पसंद बन रही है। अभी तो आम आदमी पार्टी ( आप ) के 7 राज्यसभा सांसदों ने दलबदल किया है और भाजपा के पाले में चले गए हैं। पंजाब के 50-60 विधायक भी पार्टी नेतृत्व से नाराज और असंतुष्ट हैं। वे आप की बिखरती ईकाई हैं। रिपोर्ट तो ये भी है कि भाजपा आप के 3 लोकसभा सांसदों को भी तोड़ने के मिशन में जुट गई है। यह कोई सामान्य दलबदल अथवा राजनीतिक टूट, बिखरन नहीं है। बेहद अहम राजनीतिक घटना है, जो कमोबेश आम आदमी पार्टी की संभावनाओं और भविष्य को बदल सकती है। इस बगावत ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के दावों को भी गलत साबित कर दिया है। केजरीवाल मात्र दो साल के लिए संयोजक बने थे, लेकिन 2018 में पार्टी संविधान में संशोधन कराया गया। अब केजरीवाल हमेशा के लिए पार्टी के आलाकमान हो गये हैं। आप 14 साल पुरानी पार्टी हो गई है। कार्यकर्ताओं और नेताओं के एक गुट को आलाकमान संस्कृति पसंद नहीं है, नतीजतन बिखराव और टूटन शाश्वत हो गई है। केजरीवाल कहा करते थे कि ह्यआपह्ल के कार्यकर्ता और नेता इतने मजबूत हैं कि उन्हें कोई भी लालच, पैसा, पद या जांच एजेंसियों का दबाव तोड़ नहीं सकता। उन्हें ऐसे साथियों पर गर्व और गुमान है। राज्यसभा सांसदों की टूट और उनके भाजपा में शामिल होने की घटना ने तमाम धारणाएं खंडित की हैं और सवाल उठाए हैं कि आखिर राघव चड्ढा और संजीव पाठक ने बगावत क्यों की? राघव पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और संजीव पाठक आईआईटी प्रोफेसर थे। वे तो केजरीवाल के सबसे प्रिय लोगों में से एक थे। उन्हें केजरीवाल ही राजनीति में लाये और संसद के सर्वोच्च सदन तक पहुंचने का मौका दिया। कमोबेश इन दोनों आप नेताओं का अलग होना और अंततः भाजपा में शामिल होना बहुत बड़ा आश्चर्य है। केजरीवाल को आत्ममंथन, आत्मचिंतन करना चाहिए कि ऐसे लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं? इन दोनों नेताओं पर किसी 'दागदार मामले' की छाया नहीं थी, जो सीबीआई या ईडी की जांच का डर, खौफ हो। शेष सांसद या तो उद्योगपति हैं अथवा हरभजन की तरह पेशेवर हैं। अशोक मित्तल को तो इसी माह राज्यसभा में आप संसदीय दल का उपनेता बनाया गया था। 15 अप्रैल को ईडी ने उनकी 'लवली यूनिवर्सिटी' और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की और 24 अप्रैल को वह टूट कर भाजपा की गोद में आ गये। मित्तल यूनिवर्सिटी के चांसलर भी हैं। साफ है कि जांच एजेंसियों की जांच का खौफ अपना काम जरूर करता है, लिहाजा नेतागण दलबदल करने को विवश होते हैं। बहरहाल इस टूटन के अंतिम फलितार्थ ऐसे हो सकते हैं कि आप राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खो सकती है। सबसे अहम संकट और चुनौती पंजाब में है, क्योंकि वहां विधानसभा चुनाव फरवरी, 2027 में होने हैं। बेशक विधायकों के टूटने की आशंका तो है, लिहाजा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय मांगा है और पार्टी में इस तरह के असंतोष को थामने के लिए बड़ी बैठक भी बुलाई है। भगवंत मान ने राष्ट्रपति से समय इसलिए मांगा है ताकि वे पंजाब विधायकों के वोट से जो राज्यसभा सांसद चुने गये थे, उन्हें अयोग्य करारा देने के मुद्दे को राष्ट्रपति के समक्ष उठाया जा सके। सवाल है कि राष्ट्रपति किसी भी सांसद को अयोग्य कैसे घोषित कर सकते हैं? यह संवैधानिक अधिकार उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति को ही है, जिसकी अपनी एक प्रक्रिया है। वैसे यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि भाजपा ने तमाम औपचारिकताएं पहले ही पूरी करवा रखी हैं। इस दलबदल से राज्यसभा में भाजपा के 113 सदस्य हो जाएंगे।



**आम आदमी पार्टी के सांसदों का टूटना इस बात का संकेत है कि केजरीवाल का सियासी करिश्मा अब खत्म हो रहा है।**

### विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वैष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

# ट्रंप के खिलाफ यूएस में बढ़ रहा है आक्रोश

डॉ. अनिता राठौर

> राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरीके से अपनी मनमानी से पूरी दुनिया की जमीन आसमान एक कर रखी है, उसके चलते लगता है अब दुनिया के दूसरे देशों की तो बात छोड़िए, खुद उनके अपने नागरिक भी इस सबसे बहुत परेशान हो चुके हैं और उनकी परेशानी या उनका फ्रस्टेशन अब खूनी प्रतिरोध के रूप में भी उभरकर सामने आ रहा है।



हाल के कुछ महीनों में भले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दर्जनों बार यह कहते सुने गये हों कि वह ईरान को मिट्टी में मिला देंगे या कि मिट्टी में मिला दिया है अथवा यूरोप की हमें कोई जरूरत नहीं है, नाटो के देश कायर हैं, ग्रीनलैंड हमारा जब मन होगा जैसे मन होगा ले लेंगे, कनाडा अमरीका का 51वां प्रांत है या वेनेजुएला के बाद अब क्यूबा की बारी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल के महीनों में जितना कुछ बुरा बोल सकते हैं, जितनी दुनिया की ऐसी-तैसी कर सकते हैं, सब कर लिया है। लेकिन जिस तरह अमरीकी समय के मुताबिक शनिवार की देर शाम और भारतीय समय के मुताबिक इतवार को सुबह 6 बजे हिल्टन होटल में एक हमलावार गोलियां बरसाता हुआ उनसे 45 मीटर दूर तक पहुंच गया। उससे साबित होता है कि दुनिया ही नहीं, खुद अमरीका में भी अब लोग उनकी परवाह ही नहीं करते और किसी भी कीमत पर उनकी दादागिरी वाले रवैय्ये के विरूद्ध प्रतिरोध जताना चाहते हैं। होटल हिल्टन में जब शनिवार की शाम अमरीकी राष्ट्रपति व्हाइट हाउस कवर करने वाले देसी-विदेशी पत्रकारों के साथ डिनर पार्टी कर रहे थे, तभी 45 मीटर दूर मेटल डिटेक्टर प्वांइट तक एक 31 वर्षीय हमलावार जो कि कैलिफोर्निया का निवासी कोल थॉमस एलन 8 राउंड गोलियां बरसाते हुए, उनके करीब बढ़ रहा था, जिससे साबित हो गया है कि दुनिया की अकेली महाशक्ति का तमगा लेकर घूमने वाले प्रेसीडेंट ट्रंप भी उतनी ही असुरक्षित हैं, जितना दुनिया का कोई भी राजनेता।

भले अमरीकी खुफिया तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों को दुनिया की कितनी ही स्मार्ट एजेंसियां क्यों न माना जाता हो, लेकिन जिस हमलवार एलन ने गोलिया बरसाते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप के नजदीक पहुंच गया था, उसने 10 मिनट पहले ही इस किये जाने वाले हमले का खुलासा कर दिया था। उसने अपने घर को मैसेज भेजकर यह कहा था कि ट्रंप गद्दार है, रेपिस्ट है, मैं उसे और उसके कैबिनेट को नहीं छोड़ूंगा। यह कह करके 2017 में कैलिफोर्नियां इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री हासिल करने वाला और कोचिंग इंस्टीट्यूट सी-2 में दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' का अवार्ड पाने वाला 31 वर्षीय एलन गन लेकर जाता है और उसी जगह बेखौफ अनहोनी लगभग कर ही डाली थी, जहां 45 साल पहले तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जानलेवा हमला हुआ था। 30 मार्च 1981 को उन पर 6 गोलियां चलायी गई थीं, पर वह बच गये थे। लेकिन उनके सेक्रेट्री भी बच तो गये थे, पर ताउम्र के लिए अपाहिज हो गये थे। उसी जगह अगर जरा सा चूक हो जाती या सीक्रेट सर्विस के एजेंट अपनी जान पर खेलकर इस अनहोनी को टाला नहीं गया होता, तो पता नहीं इस समय क्या से क्या लिखने की जरूरत पड़ रही होती?

### ट्रंप की पार्टी में गोलीबारी

बहरहाल कोई भी तात्कालिक घटना बिल्कुल तात्कालिक कारणों के नहीं होती। इसे कई महीनों से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरीके से अपनी मनमानी से पूरी दुनिया की जमीन आसमान एक कर रखी है, उसके चलते लगता है अब दुनिया के दूसरे देशों की तो बात छोड़िये, खुद उनके अपने नागरिक भी इस सबसे बहुत परेशान हो चुके हैं और उनकी परेशानी या उनका फ्रस्टेशशन अब खूनी प्रतिरोध के रूप में भी उभरकर सामने आ रहा है। जिस तरह हाल के महीनों में अमरीका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विरोध हो रहा है और इजरायल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ लोग सारे डर को एक तरफ रखकर, सड़कों पर उतर आये हैं, उससे साफ लगता है कि इन देशों के शीर्ष नेतृत्व की आक्रामक विदेश नीति, अब इन्हीं के लोगों के बीच ही 'बूमरैंग' बनकर अपने समाज को प्रभावित कर रही है। यह अमरीकी राष्ट्रपति की मनमानी ही है कि लोगों में अब उन्हें लेकर एक खास तरह की व्यक्तिगत कट्टरता, मानसिक अस्थिरता और सामाजिक ध्रुवीकरण की स्थिति बन रही है और इसके कारण भी हैं। ट्रंप जैसे विभाजनकारी स्वाभाव वाले राजनेता शायद ही हाल के दशकों में कभी अमरीका में देखे गये हों। एक तरफ वह आव्रजन नीति पर पूरी दुनिया को रह-रहकर अपमानित कर रहे हैं, दूसरी तरफ 'अमेरिका फर्स्ट' के अपने घोषित नारे के चलते अमरीका में रह रहे प्रवासियों का अपमान कर रहे हैं, साथ ही उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं और व्यापक अमरीकी समाज द्वारा ईरान हमले के विरोध के बावजूद अपनी ईरान नीति को बरकरार रखे हुए हैं। इससे साफ लगता है कि अब दुनिया के दूसरे देशों को तो छोड़िये खुद अमरीका के भीतर लोग उनके विरूद्ध असंतोष से भर गये हैं और अपनी जान हथेली पर लेकर अपनी तरह से इसका विरोध करने के लिए सामने आ रहे हैं। 25 अप्रैल की रात 31 वर्षीय इंजीनियर एलन ने जिस तरीके से अपनी जान की परवाह न करते हुए, इतना बड़ा कदम उठाया, उससे साफ है कि लोग किसी भी कीमत पर अपने विरोध को दर्ज कराना चाहते हैं। वह सिर्फ अमरीका में प्रेसीडेंट ट्रंप के विरोध की बात नहीं है, इजरायल में भी यही सब हो रहा है। इजरायल में लाखों लोग प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना कर रहे हैं और खुलेआम उनके लगातार देश को युद्ध में झोके रहने की नीति के विरूद्ध सड़कों में उतर आये हैं। पहले लगातार गाजा के खिलाफ उनका यह युद्ध उन्माद जारी रहा और अब ईरान के विरूद्ध भी वह इसी नक्श-ए-कदम पर आगे बढ़ रहे हैं। इस बात से इजरायल के लोग लगातार परेशान हैं, वह भी दुनिया के दूसरे देशों की तरह सुकून की जिंदगी जीना चाहते हैं। इसलिए यह सोचने की बात है कि आखिर अमेरिका और इजरायल के ताकतवर होने के बावजूद उनके अपने ही लोग अपने आक्रामक शासनाध्यक्षों के विरूद्ध क्यों सड़क पर उतर आए हैं? निश्चित रूप से चाहे अमरीका के लोग हों या इजरायल के ये अपने वर्तमान शासकों की नीतियों से न सिर्फ असहमत हैं बल्कि अब परेशान हो चुके हैं। यह अलग बात है कि अमरीका और इजरायल में दोनो ही जगह ट्रंप और नेतन्याह के एक बड़ी संख्या में समर्थक भी हैं, लेकिन समर्थकों से कई गुना ज्यादा ध्यान खींचने वाले विरोधी होते हैं। क्योंकि अपने देश की आक्रामक नीतियों का समर्थक तो कोई भी हो सकता है, चाहे उसकी कोई राजनीतिक सोच हो या न हो। लेकिन जो भी नागरिक अपने देश की आक्रामकता के विरूद्ध खुद मोर्चा लेने के लिए मजबूर होता है, उसका अलग ही महत्व होता है।

दरअसल ये विरोधी सिर्फ अपनी परेशानियों की फिक्र न करते हुए, इसकी हिम्मत जुटा रहे हैं बल्कि यह दूरगामी सोच रहे हैं। ईरान को मटियामेट करके हो सकता है अमरीका अपनी ताकत को और ज्यादा ताकतवर होने के रूप में दुनिया से स्वीकार पा ले या हो सकता है अमरीका की आक्रामकता के कारण दुनिया के और भी कई देश अमरीका से डरने लगें। लेकिन जो अमरीकी लोग खुद इस आक्रामकता का विरोध कर रहे हैं, वो इस बात को बेहतर ढंग से जानते हैं कि अमरीका की ताकत की इस स्वीकारोक्ति के बाद उनकी शान में कोई कशीदा नहीं काढ़ा जायेगा बल्कि उनके लोकतांत्रिक भविष्य पर ही एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लग सकता है। जब अमरीकी राष्ट्रपति अपनी दबंगई से जो मन आये बाहर करते रहेंगे, तो इस बात की क्या गारंटी है कि कल को खुद अपने नागरिकों के विरूद्ध इस आक्रामकता को नहीं आजमाएंगे। आम अमरीकी इस बात को बेहतर ढंग से जानते हैं कि शासकों का बेलगाम होना, अंततः उनके लोकतांत्रिक भविष्य पर ही लगाम लगायेगा। शायद यही कारण है कि दुनिया में भले अमरीका अपनी धाक जमा रहा हो, लेकिन उसका यह आक्रामक रवैय्या खुद अपने देश में बूमरैंग कर रहा है।

### सोशल मीडिया



बंगाल के दिल में काबा नहीं, मां काली हैं, इसका अहसास कराने का आ गया है समय। सुशासन, विकास की पर्याय भाजपा को आशीर्वाद देने हेतु राजारहाट की जनता का आभार। सीएम योगी.



पश्चिम बंगाल में भाजपा ने ऑब्जर्वर के नाम पर रामपुर और संभल में टेस्ट किये हुए अपने एजेंट भेजे हैं। लेकिन इनसे कुछ होने वाला नहीं है। दीदी हैं, दीदी रहेंगे। अखिलेश यादव



बंगाल में एसआईआर मतदाता सूची का सुधार नहीं भाजपा की सियासी समस्याओं का समाधान है, लोकतंत्र की बुनियाद है कि वोटर तय करेगा सरकार किस तरह की होगी। योगेन्द्र यादव.

# भारतीय दर्शन

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान और वातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण के गुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

# अरे वाह! क्या खबर है


व्यंगलोक

टीआरपी की कसरत जारी है। खटाखट खबरें फेंकने का कार्यक्रम जारी है। खबरीलाल पुलिस कोर्ट कचहरी से लेकर स्वयं विधाता बना हुआ है। कल सबको खा जाऊंगा ( केएसकेजे ) न्यूज चैनल में सेठ जी खबरें चेप रहे हैं। चैनल चेयरमैन चंद्रप्रकाश चक्रम चौवन के पार छलांग लगा रहे हैं। सिर्फ बिजनेस मैन हैं। शुद्ध खांटी बिजनेसमैन! दारू के ठेके। जूतों के कारखाने। कई स्कूलों के मालिक और ना जाने कौन-कौन से बिजनेस! कभी ईडी-इनकम टैक्स, कभी सीबीआई, कभी पुलिस आदि के पूजा पाठ से परेशान होकर उन्होंने न्यूज चैनल के बिजनेस में अपनी टांग फंसा दी। खटाक टुडे- 'असली खबर है सिर्फ यहीं!' खबरों में खबर हो, खटाक खबरवा! अरे वाह वाह खबर वाह! उस दिन कोरोना महामारी पर वैश्विक चर्चा हो रही थी। इसी समय न्यूज चैनल 'खटाक टुडे' नागिन- 4 पर कोई प्रायोजित कार्यक्रम चला रहा था। कोई चैनल वीर क्रिकेट वर्ल्ड कप का रिकॉर्डेड प्रोग्राम दिखाने लगा और किसी ने बॉलीवुडीय फिल्मों के हीरो की प्रेम कथा पर वैश्विक मीटिंग प्रसारित करना ज्यादा अच्छा समझा। यह मीटिंग देश की सबसे संवेदनशील परिचर्चा है। ऐसी संवेदनशील प्रक्रिया में हर कोई न्यूज चैनल अपना माथा नहीं लगाता है। उसकी तुलना क्रिकेट, बरसात, राशिफल शो, अंक शास्त्र या उत्पादों की बिक्री दिखाने से करने का रिवाज है, ताकि चैनल अपना बिजनेस पीट सके। शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी खबरें प्रसारित करना निहायत पपलू टाइप की बातें है। चैनल 'खटाक टुडे' में तो ऐसी वाहियात खबरों को कोई जगह नहीं दी जाती है। सब अच्छे बुरे काम न्यूज चैनल के सहारे धड़ल्ले से होने लगे। बाकायदा लोग उन्हें बुद्धिजीवी मानने लगे। उनसे मौके-बेमोके फीता भी कटवाने लग गए। चैनल चेयरमैन ने मीटिंग में साफ कह दिया। रोकड़ा खींचने का कंप्लीट प्लान करना चाहिए। चैनल हेड हरिश्चंद्र को साफ बता दिया। तुम्हें कम से कम पांच मुख्यमंत्रियों को अपने कब्जे में रखना है। उनकी पार्टी, उनके अच्छे-बुरे सभी कामों आदि का उनके कहे अनुसार बुलेटिन प्रसारित करते रहना है। पचास शीर्ष अधिकारियों को अपनी मुट्ठी में रखना है। इन्हीं के मनमाफिक न्यूजें फेंकनी है। बदले में केस-काइंड, प्लॉट-जमीन, खान-पट्टा जो भी मिले उसे दोनों हाथों से झपटना है। किसी भी पार्टी के एजेंडे को ब्रॉडकास्ट करने में कोई हर्ज नहीं है। बस रोकड़ा चाहिए! टीआरपी की कसरत बाजी के लिए भूत, प्रेत, हत्या, सनसनी, बलात्कार जैसी घटनाओं को रीक्रिएट करके चलाते रहें। इसके लिए ऑफिस में सनसनी फैलाने वाला स्पेशल स्टूडियो भी बना दिया गया है। पुराना जमाना अब लद गया है।



रामविलास जॉगिड़

# अब क्या कर रही आधुनिक दौर की सुरैया 'वसुंधरा दास'



बॉलीवुड

कैलाश सिंह

हाल ही में एक पार्टी के दौरान जब मैंने 'वेयर्स द पार्टी टूनाईट' गीत सुना तो मैंने इस गीत की गायिका को एकदम पहचान लिया। लेकिन साथ ही मुझे ख्याल आया कि इस गायिका के बारे में वर्षों से कोई जानकारी सामने नहीं आयी है और न ही इसकी आवाज में कोई नया गाना किसी फिल्म में सुनने को मिला है, जबकि 2000 के दशक में इस गायिका के गाने हर जगह बज रहे थे, पार्टियों में, रूह को सुकून पहुंचाते हुए एकांत की घड़ियों में और दोस्तों के साथ लांग ड्राइव पर जाते हुए कार स्टीरियो पर। इसके बावजूद वह जिस तेजी से शुहरत की बुलंदियों पर पहुंची थी, उतनी ही तेजी से गायब भी हो गई और उसके फैन यह सोचते रह गये कि उसकी खामोश विदाई क्योंकर हुई। अब तो आप समझ ही गये होंगे कि मैं किसकी बात कर रहा हूं।

जी, वसुंधरा दास की, जो बंग्लुरु में रहने वाली हिंदुस्तानी क्लासिकल गायिका हैं, जिन्होंने दोनों संगीत व फिल्मों में अपनी प्रभावी गायकी व शानदार अभिनय से अपने लिए हिंदी, मलयालम, तमिल आदि फिल्मों में सशक्त पहचान बनायी थी। वसुंधरा ने जब तमिल फिल्म 'मुधाल्वन' के लिए एआर रहमान के संगीत निर्देशन में शाकालाका बेबी गीत गाया तो वो रातोंरात संगीत प्रेमियों के दिलों पर छा गईं क्योंकि यह गीत न सिर्फ जबरदस्त हिट हुआ बल्कि 2001 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक गायिका (तमिल) का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला। नतीजतन उनका प्लेबैक करियर परवान चढ़ने लगा। यह जल्द ही जाहिर हो गया कि वसुंधरा हर किस्म के गीत गाने में निपुण हैं, जैसे 'ओ रे छोरी', जोकि रहमान का ही कम्पोजीशन था, जिससे उनकी रेंज सबको मालूम हो गई। फिर उन्होंने शंकर-एहसान-लॉय के साथ ब्लॉकबस्टर ट्रैक दिये जैसे 'वेयर्स द पार्टी टूनाईट' (कभी अलविदा न कहना) और 'इट्स द टाइम टू डिस्को' (कल हो न हो)। यह दोनों ही फिल्में शाहरुख खान की थीं और यह गीत बॉलीवुड पॉप कल्चर का हिस्सा बन गये। वसुंधरा ने 2004 में फिल्मोद्योग में अपना स्थान अतिरिक्त मजबूत कर लिया 'चलें जैसे हवाएं' (मैं हूं न) जैसे जबरदस्त हिट गीतों से। उन्होंने अभिषेक बच्चन की फिल्म 'धूम' में 'सलामे' गीत के लिए भी अपनी आवाज दी और प्रीती जिंटा व सैफ अली खान की फिल्म 'सलाम नमस्ते' का टाइटल गीत भी गाया। 'जाने तू... या जाने न' फिल्म में वसुंधरा ने 'कहीं तो होगी वो' गीत गाया जिसे आज तक पसंद किया जाता है। अमिताभ बच्चन व रवीना टंडन की फिल्म 'अक्स' में उन्होंने सुखविंदर सिंह के साथ मिलकर 'रब्बा रब्बा' गीत भी गाया था। प्लेबैक गायकी के अतिरिक्त वसुंधरा ने अभिनय में भी अपना समानांतर करियर विकसित किया। उनकी डेब्यू फिल्म कमल हासन के साथ 'हे राम' थी। इसके बाद तो उनकी एक के बाद एक फिल्में आयीं, जैसे 'मानसून वेडिंग', 'कॉर्पोरेट', 'वज्रम', 'लंकेश पत्रिके', 'रावणप्रभु', 'सिटीजन', 'गौरी' आदि और उनको आधुनिक दौर की सुरैय्या समझा जाने लगा, जो दोनों गायन व अभिनय में माहिर व सफल थीं। मलयालम फिल्म 'रावणप्रभु' में वह मोहन लाल की हीरोइन थीं और तमिल फिल्म 'सिटीजन' में उनके हीरो अजित कुमार थे। कन्नड़ फिल्म 'लंकेश पत्रिके' में वह दर्शन के साथ थीं। मीरा नायर की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'मानसून वेडिंग' का भी वसुंधरा हिस्सा थीं।

वसुंधरा को जबरदस्त कामयाबी मिली और वह आज भी अपने प्रशंसकों के जहन में हैं। इसलिए दो महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं। एक, फिल्म दुनिया से वह अचानक गायब क्यों हो गईं? दूसरा यह कि क्या वह फिल्मी दुनिया में पुनः वापसी पर विचार कर रही हैं? वह इस बात को तो स्वीकार करती है कि एक समय में सिनेमा उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा था, लेकिन अब वह अपनी जिंदगी के अलग चरण में हैं, नई राहों पर चल रही हैं। उन्हें कोई खेद नहीं है कि अपने करियर के चरम पर वह प्रतिस्पर्धा से हट गईं और साथ ही उन्हें अब उस संसार में लौटने की चाहत भी नहीं है। वह आज जिस राह पर चल रही हैं उस पर ही फोकस किये हुए हैं। साल 2013 में वसुंधरा ने बंग्लुरु के एमजी रोड मेट्रो स्टेशन पर कम्युनिटी ड्रमजैम स्थापित किया अपने पति के साथ। यह एक संगीत पहल है। वह स्कूलों में संगीत सत्रों का आयोजन करती हैं। उन बच्चों के लिए भी जो खतरे में हैं, बुजुर्ग जिनको डेमेंशिया है व लाइलाज कैंसर रोगियों के लिए भी। वसुंधरा का फोकस अब म्यूजिक थैरेपी और ध्वनि उपचार पर है।

## आपकी बात

### शहरीकरण से बढ़ेंगे अवसर

देश की आर्थिक प्रगति के लिए शहरों का हाईटेक और आधुनिक विकास बहुत जरूरी है। शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में शहरीकरण तेज होगा। शहरीकरण को अवसरों के रूप में देखना चाहिए और यहां होने वाले प्रत्येक निवेश को युवाओं के लिए रोजगार सृजन के तौर पर देखना चाहिए। क्योंकि शहरीकरण अवसरों का हब है और इस मौके को किसी भी तरह गंवाना नहीं चाहिए।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### स्टार्टअप इकोसिस्टम

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टॉर्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है। इसलिए देश में यह जरूरी है कि युवा उद्यमी बनें और सरकार बेहतर स्टार्टअम इकोसिस्टम विकसित करे।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी की मौत

**अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र के नन्सा बाजार में व्यवसायी बंसीलाल कसौधन की 15 वर्षीय पुत्री नव्या की सोमवार रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिवार के सदस्य घर के नीचे रहते थे और नव्या ऊपर बने कमरे में पढ़ाई करती थी।

इस वर्ष उसने कक्षा 9 की परीक्षा दी थी और डायमंड विद्यालय रामपुर भगन में पढ़ती थी। सोमवार रात 9 बजे वह पढ़ाई के लिए ऊपर कमरे में गई थी। रात 10 बजे पिता के दुकान से लौटने पर खाना खाने के लिए बुलाने गए तो कमरा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्रा पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। परिजनों की सूचना पर डायल 112 टीम उसे सीएचसी तारुन ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। किशोरी असमय मौत पर पूरे बाजार शोक छा गया थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि सूचना मिलते ही सीएचसी तारुन पहुंचकर कार्रवाई की गई। मृतका के गले पर हैंगिंग का निशान मिला है। फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सैकड़ों निषाद परिवारों के सामने अपना आशियाना बचाने की चुनौती





जिला संवाददाता

**अयोध्या।** धार्मिक नगरी अयोध्या में विकास की रफ्तार तेज है, लेकिन इसके साथ ही एक मानवीय संकट भी गहरा रहा है। गुप्तारघाट से राजघाट तक बन रहे करीब 9 किलोमीटर लंबे लक्ष्मण पथ के दायरे में लगभग 250 निषाद परिवारों के घर आ गए हैं, और अब उनके सामने अपना आशियाना बचाने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।सरयू के किनारे जमथरा माझा में बसे ये परिवार पिछले 60-70 सालों से यहां रह रहे हैं। निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही इन्हें हटाने की प्रक्रिया चल रही है। प्रभावित लोगों का आरोप है कि अब तक न तो उन्हें कोई जमीन दी गई है और न ही रहने के लिए कोई मकान।

- लक्ष्मण पथ के दायरे में आ रहे लगभग 250 निषाद परिवारों के घर

उनका कहना है, ष्पहले हमें बसाया जाए, फिर उजाड़ा जाए। इस मसले पर निषाद परिवार पहले भी जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, मगर अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। दूसरी तरफ, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का कहना है कि जिनकी जमीन या मकान विकास कार्यों में गए हैं, उन्हें मुआवजा और आवास योजनाओं का लाभ दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इन परिवारों को भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मदद दी जाएगी।फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि विकास की इस दौड़ में इन 250 परिवारों को समय पर न्याय और छत मिल पाएगी, या उनके दशकों पुराने आशियाने यूं ही उजड़ जाएंगे।

## जानलेवा हमले में पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

अयोध्या। रौनाही थाना अन्तर्गत डेरामूसी गांव की एक महिला से अश्लील हरकत करने एवं जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में स्थानीय पुलिस की ओर से कार्रवाई न करने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस महानिदेशक अध्योध्या को प्रार्थना पत्र देकर नामजद हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी की गुहार किया है। बताया जाता है कि गत 23 अप्रैल 2026 की रात 8 बजे गांव की एक महिला निमंत्रण के लिए जा रही थी तभी रास्ते में उसे अकेला देखकर वीरू नामक युवक उससे अश्लील हरकत करते हुए सड़ी खींचने लगा। किसी तरह वह शोर मचाते हुए जान बचाकर भागी और घर जाकर अपने पति से सारी बात बताया। इसके बाद पीड़ित महिला अपने पति व लड़के के साथ शिकायत करने वीरू के घर गये। इसी बींच जगराम, वीरू, राजन, विनोद, मनोज, संजय, रामबाबू ने लाठी डंडा लेकर उन लोगों को भद्दी-भद्दी गालिया दिया और हमला कर दिया। हमले में उसके पुत्र के सिर में गम्भीर चोट आने पर वह बेहोश हो गया और सर फट गया। इसी बींच उन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। हमले में राजकुमार, सर्वेश व राजेश को गम्भीर चोटें आयीं। इस दौरान 112 नम्बर पर पुलिस को फोन किया गया। पुलिस सभी चोटहिलों को थाने ले गयी वहां चोटहिल की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए गुहार किया। बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया तब पीड़ित पक्ष ने पुलिस महानिदेशक अयोध्या से मिलकर चोटों की गम्भीरता को देखते हुए मेडिकल कराने और हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की फरियाद किया है।

## नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी तरल किसान सभा का आयोजन



**हैदरगढ़,बाराबंकी।** कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ पर नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी तरल आधारित किसानसभा सह जैव उर्वरक अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे क्षेत्र प्रबंधक इफको राजकुमार ने कृषकों को संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग के साथ वैकल्पिक उर्वरक जैसे नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, जैव उर्वरक एवं जैव उत्प्रेरक के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया। उप महाप्रबंधक इफको लखनऊ डॉ0 संतोष कुमार सिंह ने फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में जानकारी देते हुये किसानो से संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ0 समीर पांडेय, डॉ0 भास्कर प्रताप सिंह, डॉ0 रूपम रघुवंशी, डॉ0 रिंकी चैहान, डॉ0 अर्चित शुक्ला, कृषि स्नातक प्रशिक्षु यज्ञत सिंह, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वैज्ञानिक सहित किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में किसानों को निःशुल्क जैव उर्वरक का वितरण भी किया गया।

- संतुलित मात्रा में उर्वरक उपयोग करने के लिये किसानो को किया गया प्रेरित

## 3 मई कम्युनिस्ट नेता अतुल कुमार अंजान की पुण्यतिथि पर होंगे विविध कार्यक्रम व श्रद्धांजलि सभा



**बाराबंकी।** क्रांतिकारी किसान नेता वेंकैय्या रावुला महाराष्ट्र से सुप्रसिद्ध किसान नेता राजन क्षीरसागर, रत्ना सिंह सहित पूरे देश और प्रदेश के क्रांतिकारी नेता 3 मई को जनपद में महान कम्युनिस्ट विचारक, किसान नेता अतुल कुमार अंजान को श्रद्धांजलि देने आ रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुये भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि ढूंढ़ते फिरोगे लाखों में वाली स्थित जान-जान अतुल अंजान के संबंध में है। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डॉ0पी एल पुनिया, पार्टी राज्य परिषद सदस्य अरविंद राज स्वरूप, ऊत्तर प्रदेश किसान सभा प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज बेग, महासचिव राजेंद्र यादव मौजूद होगे।

# सीएम के आगमन को लेकर डीएम-एसएसपी ने की बैठक



**अयोध्या।** आगामी 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कर ली जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जहां ड्यूटी लगाई गई है, वे पूर्व में ही संबंधित स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का भली-भांति निरीक्षण कर लें और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और कहा कि कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# गैस एजेंसी के गोदामों से उपभोक्ताओं को डिलीवरी न की जाये: जिलाधिकारी

**अयोध्या।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम पदार्थो की उपलब्धता के सम्बन्ध में बैठक की गयी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (नगर) योगानंद पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा एवं विक्रय अधिकारी, आई०ओ०सी०एल०, बी०पी०सी०एल० एवं एच०पी०सी०एल० (एच०एस०डी०), आई०ओ०सी०एल० एवं बी०पी०सी०एल० (एल०पी०जी०) उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के समीक्षा के दौरान ऑयल कम्पनी के सेल्स ऑफीसर द्वारा बताया गया कि जनपद में तीनों ऑयल कम्पनी यथा-व एच०पी०सी०एल० में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता सन्तोषजनक है। डीजल-पेट्रोल की आमद निर्बाध रूप से करायी जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने ऑयल कम्पनियों के विक्रय अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की भविष्य में कोई कमी न होने पाये। घरेलू एल०पी०जी० के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा अधिकतम एक सप्ताह (07 दिन) का बैकलॉग ही स्वीकार किया गया एवं विक्रय अधिकारी एवं गैस एजेन्सी के प्रोपराइटर प्रबन्धक को निर्देश दिये कि आमजनमानस को एक सप्ताह के बैकलॉग के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार कराकर अवगत कराते हुये शत प्रतिशत होम डिलीवरी करायी जाय तथा गैस एजेन्सी के गोदामों से उपभोक्ताओं को डिलीवरी न की जाय।

- अपने घर पर ही होम डिलीवरी के माध्यम से गैस प्राप्त करें उपभोक्ता
- पेट्रोलियम पदार्थो की उपलब्धता को लेकर डीएम ने की बैठक



## जाम की समस्या से जूझते हैं वाहन चालक

सोहावल-अयोध्या। सड़क जाम की समस्या लाइलाज बन गई है। सोहावल चैराहे से शुरू हुआ रोड जाम यात्रा करने वाले वाहनों को रेलवे क्रासिंग से होते हुए नहर पुल तक पीछा नहीं छोड़ता। चैराहा पार करने में ही कभी-कभी घंटों लग जाते हैं। यहाँ नबाबगंज गोण्डा, लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली रोड चारों ओर से वाहनों की लम्बी लम्बी लाइनें लगती रहती हैं।

## पर्यावरण सेवक व समाजसेवी मनीष मेहरोत्रा ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

**बाराबंकी।** बस स्टेशन से रेलवे स्टेशन तक 5 करोड़ 75 लाख रुपए से बनने वाली सड़क में हुई अनियमितताओं की जांच एवं कार्यदायी संस्था, ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग को लेकर पर्यावरण सेवक व समाजसेवी मनीष मेहरोत्रा ने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन मे कहा गया है कि पूर्व जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के ड्रीम प्रोजेक्ट जनपद की पहली मॉडल सड़क कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद एवं ठेकेदार की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। जिसको बनाने के लिये बहुत से गरीब लोगों को विस्थापित किया गया। इस सड़क को बनाने के लिये नगर पालिका को सड़क से अतिक्रमण मुक्त करना, बिजली विभाग को लगे पुराने खम्भों को हटाकर नई लाईन बनाने लिये 16 लाख रुपए स्थानान्तरित भी किये जाने एवं वन विभाग को सड़क पर लगे पुराने पेड़ो को हटाकर नये पेड़ को रोपित करना था। समाजसेवी ने इस प्रकरण को अपने स्तर से लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार, कार्यदायी संस्था एवं सहयोग करने वाले विभागों की जांच कराकर कार्यवाही कराने की मांग की है।

- अनियमितताओं की जांच सहित कार्यदायी संस्था, ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग

# डीएम ने लिया यातायात व्यवस्था का जायजा



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने देर शाम पटेल तिराहा, पुराना बस स्टैंड, छाया चैराहा, नेबलेट चैराहा, धनोखर क्षेत्र सहित जाम प्रभावित स्थानों का पैदल भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने यातायात अवरोध के कारणों, सड़क किनारे अतिक्रमण, ई-रिक्शा संचालन, वेंडिंग जोन स्थिति तथा चैराहों पर यातायात दबाव की समीक्षा कर शहर के प्रमुख मार्गों पर पूर्व से लागू वन-वे व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कराने तथा जाम प्रभावित क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए समन्वित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा संचालन को प्रमुख चैराहों पर स्थान चिन्हित कर वहीं से सवारी बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सड़क किनारे अनियंत्रित ठहराव एवं अव्यवस्थित पार्किंग को नियंत्रित करने, छाया चैराहा एवं वेंडिंग जोन क्षेत्र का निरीक्षण कर जाम प्रभावित क्षेत्रों में सड़क किनारे संचालित प्रतिष्ठानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर यातायात सुधार के लिए व्यावहारिक एवं प्रभावी कदम उठाये जाने के निर्देश देते हुये शहर को जाममुक्त, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन, व्यापारी एवं आमजन सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने अतिक्रमण नियंत्रण, यातायात संकेतकों, पार्किंग प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

- जाम प्रभावित क्षेत्रों, वन-वे, ई-रिक्शा संचालन, अतिक्रमण नियंत्रण पर दिए निर्देश

# जिले के 08 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी नीट-2026 की प्रवेश परीक्षा

**बहराइच 28 अप्रैल।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा आगामी 03 मई 2026 को आयोजित ठएएळ (वन्न्)-2026 परीक्षा जिले के जिले के 08 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी जिसमें 3216 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। परीक्षा की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु अलग-अलग जोनल, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। अपर जिला मजिस्ट्रेट अमित कुमार को नोडल अधिकारी (प्रशासन) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज के लिए प्रधानाचार्य नागेन्द्र कुमार को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ रिसिया को स्टैटिक व एसडीएम पयागपुर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार 360 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मधु यादव को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ जरवल को स्टैटिक व एसडीएम महसी को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आजाद इण्टर कालेज के प्रधानाचार्या मनोज कुमार पाण्डय को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ पयागपुर को स्टैटिक व एसडीएम मोतीपुर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। सभी तीनों परीक्षा केन्द्रों के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया बया है। इसी प्रकार 408 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रकाश गुप्ता को केन्द्र व्यवस्थापक, ए.आर. को-आपरेटिव को स्टैटिक व डीपीआरओ को सेक्टर मजिस्ट्रेट, 480 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ कैसरगंज को लिए नामित परीक्षा केन्द्र किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय सक्सेना को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ फखरपुर को स्टैटिक व एसडीएम कैसरगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा तीनों परीक्षा केन्द्रों के नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद को जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसके अलावा 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र तारा महिला इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या अंजू उपाध्याय को केन्द्र व्यवस्थापक, बीडीओ विशेश्वरगंज को स्टैटिक व एसडीएम न्यायिक कैसरगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती किरन आदि है।

- 3 मई 2026 को अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पन्न होगी प्रवेश परीक्षा

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

## उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर मिली पदोन्नति



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक/ निरीक्षक (नागरिक पुलिस) नियमावली-2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा पदोन्नति देते हुये जनपद बहराइच रिजर्व पुलिस लाइन में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त उ0नि0 श्री विपिन प्रकाश सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर *पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव* द्वारा स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

इस अवसर पर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

# डीएम ने की अभियोजन कार्यों की समीक्षा




**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने गत माह में दोषमुक्त हुए प्रकरणों की एक-एक कर समीक्षा कर सभी अभियोजकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। तथा किसी भी प्रकरण में ढिलाई न बरतने व कोई भी अपराधी अभियोजन की कमजोरी के कारण दोषमुक्त न होने पाये को लेकर निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान अपने बयानों से मुकर जाने वाले वादियों के विरुद्ध धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा करते हुय जिलाधिकारी ने विधिक प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन कर आवश्यक प्रकीर्ण वाद दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित प्रकरणों पर सभी अभियोजकों को माननीय न्यायालय में प्रभावी, ठोस एवं तथ्यपरक पैरवी सुनिश्चित किये जाने तथा विवेचना, साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन के प्रत्येक चरण में पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहें।

- अपने ही बयान से मुकरने के मामलों में धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही के निर्देश
- गैंगेस्टर एक्ट के प्रकरणों में सख्त एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करे-डी0एम
- दोषमुक्त प्रकरणों पर सख्ती, प्रभावी पैरवी एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई गौसंरक्षण, अनुश्रवण और मूल्यांकन समिति की बैठक

**बहराइच।** जनपद में संचालित अस्थायी गो आश्रय स्थलों एवं बृहद् गो संरक्षण केंद्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय गौसंरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के सापेक्ष शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप दान व क्रय से भूसा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए साथ ही संरक्षित गोवंशों को मानक के अनुसार हरा चारा व दाने के साथ नमक व गुड भी उपलब्ध कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए सभी गोआश्रय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के बन्दोबस्त किये जाएं साथ ही संरक्षित गोवंशों हेतु छाया एवं ताजे.पानी की उपलब्धता भी की जाय।डीएम ने निर्देश दिया कि गोआश्रय पोर्टल पर दैनिक रूप से संरक्षित गोंवशों का अंकन सुनिश्चित किया जाए तथा आश्रय स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों के लिए राउण्ड-द-क्लाक पावर बैकअप एवं वाई-फाई की व्यवस्था की जाये। डीएम ने कहा कि गोआश्रय स्थलों पर भूसा/चारा/चोकर का प्रवर्तन शासनादेशानुसार सुनिश्चित किया जाए तथा मौसम के अनुरूप चारा, पानी आदि की नियमित सफाई भी कराई जाए। पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से आश्रय स्थलों का भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच, उपचार व टीकाकरण करायें। डीएम श्री त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों पर बीमार गोवंशों हेतु पृथक शेड/आइसोलेशन व्यवस्था के साथ ही बड़े गोवंश हेतु पर्याप्त फेंसिंग कराई जाए तथा निराश्रित/बीमार गोवंश हेतु कम से कम 150/200 वर्गफुट का क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाए। बीमार गोवंशों के उपचार हेतु बेहतर प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने कहा कि 191 एकड टैग्ड गोचर भूमि पर नैपियर एवं अन्य चारे की बुवाई कर गोवंशों को वर्ष पर्यन्त हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। डीएम ने कहा कि एनजीओ/एफपीओ के माध्यम से नियमित फंड की पूर्ति की जाए तथा प्राप्त धनराशि का उपयोग गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में किया जाए।




## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण




**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जिला निर्वाचन धिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व वरिष्ठ सहायक योगेश गंगवार मौजूद रहे।

# रक्षा मंत्री ने चीन, रूस के समकक्षों से की मुलाकात

## भारत और चीन अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की दिशा में प्रयासरत

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बिश्केक में अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के संबंध में चर्चा की। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन के इतर यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की दिशा में प्रयासरत हैं।

सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से बातचीत कर खुशी हुई। इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है कि सिंह और डोंग के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई। पता चला है कि सिंह और डोंग ने एलएसी पर समग्र स्थिति के संबंध में चर्चा की, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी जोर दिया गया। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि वार्ता में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा हुई या नहीं। यह बैठक भारत और चीन के संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच हुई है। पिछले



कुछ महीनों में, दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को फिर से सुधारने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। राजनयिक और सैन्य स्तर पर कई दौर की वार्ताओं के बाद, दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ गतिरोध वाले कई बिंदुओं से अपने-अपने सैनिकों को वापस बुला लिया। रक्षा मंत्री ने रूस के अपने समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से भी मुलाकात की। सिंह ने कहा, बिश्केक में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव के साथ बातचीत अच्छी रही।

पता चला है कि सिंह और बेलोसोव ने रूस द्वारा भारत को एस-400 वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति सहित विभिन्न रक्षा खरीद परियोजनाओं पर चर्चा की। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ पांच अरब अमेरिकी डॉलर का समझौता किया था, जिसके तहत पांच मिसाइल प्रणाली इकाइयों की खरीद की जानी थी, और इनमें से तीन इकाइयां पहले ही भारत को सौंप दी गई हैं। चौथी इकाई के अगले कुछ दिनों में मिलने की उम्मीद है, जबकि पांचवीं इकाई नवंबर में भेजे जाने की संभावना है। पिछले महीने, भारत ने रूस से एस-400 मिसाइल प्रणाली की नयी खेप के तहत पांच और प्रणालियों की खरीद को मंजूरी दे दी, जिससे इनकी कुल संख्या 10 हो जाएगी। सिंह ने एससीओ बैठक के इतर बेलारूस के अपने समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर खेनिन से भी मुलाकात की। सिंह ने एक्स पर कहा, बिश्केक में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर खेनिन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमारी बातचीत दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रही।

# न्यायालय ने सीबीआई, ईडी मामलों में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ जारी एलओसी पर लगायी रोक



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उस व्यक्ति के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) पर मंगलवार को रोक लगा दी, जिसपर जांच एजेंसी (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता निमेष नवीनचंद्र शाह की एक याचिका पर गृह मंत्रालय को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया। शाह ने अपनी याचिका में सीबीआई द्वारा जारी लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता के वकील ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को अवगत कराया कि यह सर्कुलर 2022 में जारी किया गया था, लेकिन उन्हें लगभग तीन वर्षों तक इसकी जानकारी नहीं दी गई। सीबीआई ने नौ नवंबर 2022 को जारी एलओसी पीठ के समक्ष पेश किया, जिसे न्यायालय ने गंभीरता से लिया। शीर्ष अदालत ने कहा, हमारी राय है कि नौ नवंबर 2022 को जारी लुकआउट सर्कुलर को फिलहाल निलंबित रखा जाए। पीठ ने कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे के निर्णय के लिए गृह मंत्रालय को भी इस मामले में पक्षकार बनाना आवश्यक है। इसके बाद गृह मंत्रालय को मामले में पक्षकार के रूप में शामिल किया गया और उसे नोटिस जारी किया गया। शीर्ष अदालत ने इससे पहले सीबीआई, केंद्र सरकार और महाराष्ट्र सरकार से शाह की उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें उन्होंने इस वर्ष फरवरी में दिए गए मुंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की ओर से जारी एलओसी के खिलाफ शाह की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने इस सुर्कलर को रद्द करने की मांग की थी। शाह के वकील ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर 2022 में जारी किया गया था, लेकिन मई 2025 तक उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के वकील ने लुकआउट सर्कुलर जारी करने से संबंधित एक कार्यालय ज्ञापन का हवाला दिया।

## संक्षेप

### लद्दाख के पांच नये जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक नियुक्त

लेह/जम्मू। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्र-शासित प्रदेश के नवगठित पांच जिलों के लिए मंगलवार को उपायुक्तों (डीसी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। यह कदम इन जिलों के गठन के एक दिन बाद उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि चांगथांग, नुब्रा, जंस्कार, शाम और द्रास में डीसी और एसपी के पदों पर नियुक्तियां प्रशासनिक कार्यों की तत्काल शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए की गईं। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और प्रशासन तक लोगों की पहुंच बढ़ाना है, खासकर दूरदराज के दुर्गम क्षेत्रों में। सरकारी आदेश के मुताबिक, नीतीश राजोरिया को चांगथांग का उपायुक्त, जबकि एसजेड अब्बास जाफरी को पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

इसमें कहा गया है कि मुकुल बेनीवाल और स्टैनजिन लोसाल क्रमशः नुब्रा के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं देंगे। सरकारी आदेश के अनुसार, ओंकार राजेंद्र गुंडागे और रिग्जेन संदुप को क्रमशः जंस्कार के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# अमेरिका में पूजा स्थलों के चारों ओर बफर जोन बनाने का विधेयक पेश

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद में एक द्विदलीय विधेयक पेश किया गया है जिसमें मंदिरों और गुरुद्वारों सहित पूजा स्थलों के आसपास 100 फुट का बफर जोन बनाने और ऐसे क्षेत्रों के भीतर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या धमकी को संघीय अपराध मानने का प्रावधान है। न्यूयॉर्क से डेमोक्रेटिक सांसद टॉम सुओजी और ओहायो से रिपब्लिकन सांसद मैक्स मिलर ने धार्मिक सभाओं और धार्मिक प्रतिष्ठानों में व्यवधान से सुरक्षा अधिनियम से जुड़ा विधेयक पेश किया है। इस विधेयक का उद्देश्य किसी पूजा स्थल के 100 फुट के दायरे में धार्मिक पूजा के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे लोगों को जानबूझकर डराना, बाधा डालना या परेशान करने को संघीय अपराध बनाना है, चाहे ऐसा उन्हें धमकाकर, उनका रास्ता रोककर या उत्पीड़न या डराने के उद्देश्य से उनके आठ फुट के दायरे में पहुंचकर ही क्यों न किया गया हो। एसएसीआरईडी विधेयक को एंटी-डिफेमेशन लीग, अमेरिकन ज्यूइश कमेटी, यूनियन ऑफ ऑर्थोडॉक्स ज्यूइश कांग्रेगेशन्स ऑफ अमेरिका, हदासाह, इस्लामिक सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।

# सिसोदिया का न्यायाधीश के समक्ष पेश होने से इनकार

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा कि वह आबकारी मामले में उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। इससे एक दिन पहले, पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि आबकारी मामले में वह न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के माध्यम से उनके समक्ष पेश होंगे। न्यायमूर्ति शर्मा को लिखे एक पत्र में सिसोदिया ने कहा, मेरी ओर से कोई वकील भी पेश नहीं होगा। आपके बच्चों का भविष्य तुषार मेहता के हाथों में है। उन्होंने आगे कहा, मुझे न्याय की उम्मीद नहीं है, सत्याग्रह के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। केजरीवाल द्वारा इसी चिंता को लेकर लिखे गए पत्र का जिक्र करते हुए सिसोदिया ने कहा कि गंभीर चिंताओं को उठाया गया है। सिसोदिया ने कहा, मैं उनके द्वारा अपनाए गए रुख से सम्मानपूर्वक सहमत हूं, जो महात्मा गांधी की सत्याग्रह संबंधी शिक्षाओं पर आधारित है। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की अपील की थी।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही ठप

एजेंसी

दुबई। होर्मुज जलडमरूमध्य को पार न कर पाने के कारण सैकड़ों जहाजों पर सवार लगभग 20,000 नाविक खाड़ी में फंसे हुए हैं। इन जहाजों में गैस और तेल के टैंकर सहित कई मालवाहक जहाज शामिल हैं। दुनिया के कुल तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का लगभग पांचवां हिस्सा इसी जलमार्ग से होकर गुजरता है। समुद्र संबंधी डेटा देने कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार, 13 से 19 अप्रैल के दौरान इस जलडमरूमध्य से लगभग 80 जहाज गुजरे। युद्ध से पहले इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग 130 या उससे अधिक जहाज

**लगभग 20,000 नाविक फंसे**

गुजरते थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक दर्जनों जहाजों पर हुए हमलों में कम से कम 10 नाविकों की मौत हो चुकी है।


### अपने अंत की ओर बढ़ रहा ईरान : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही तनातनी के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बेहद चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा है कि ईरान पूरी तरह से बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है।

# दक्षिण तटीय रेलवे जोन एक जून से अस्तित्व में आयेगा

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को घोषणा की कि रेलवे का नया दक्षिण तटीय जोन एक जून 2026 से अस्तित्व में आएगा और कार्य करना शुरू कर देगा।

विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब के शिलान्यास समारोह के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा, दक्षिण तटीय रेलवे जोन के गठन के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसकी प्रभावी तिथि एक जून 2026 होगी। उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम आंध्र प्रदेश में रेलवे प्रशासन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com